# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा
सांध्य दैनिक

रांची, शनिवार, 07 सितंबर 2024
संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 4 मूल्य-2 रुपये
वर्ष-8, अंक 03 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

कैंसर से जूझ रहीं हिना खान को एक और बीमारी ◂◂ 6






सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार PR- 335079 (Energy) 24-25



# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

रांची, शनिवार, 07 सितंबर 2024

संवत 2081, भाद्रपद शुक्ल 4 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-8, अंक 03 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028

सांध्य दैनिक





4 ▸▸ राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

कैंसर से जूझ रहीं हिना खान को एक और बीमारी ◂◂ 6







## उत्पाद सिपाही बहाली परीक्षा

# जान गंवाने वाले अभ्यर्थियों के परिजनों को 1-1 लाख देंगे राज्य के सभी मंत्री

### मुख्यमंत्री राहत कोष से भी सहायता देने पर विचार

मेट्रो रेज

**रांची :** उत्पाद सिपाही की बहाली के दौरान जान गंवानेवाले 12 अभ्यर्थियों के परिजनों के लिए राज्य के सभी 12 मंत्री एक-एक लाख रुपये देंगे। यह जानकारी स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने प्रोजेक्ट भवन में पत्रकारों को दी। उन्होंने कहा कि एक मंत्री एक अभ्यर्थी के परिजन को राशि देंगे। इस तरह 12 मृतक अभ्यर्थी के परिजनों को एक-एक लाख रुपये मिल जायेंगे।





मुख्यमंत्री राहत कोष से भी सहायता देने पर विचारः इसके अलावा मुख्यमंत्री राहत कोष से भी सहायता देने पर विचार किया जा रहा है। बन्ना गुप्ता ने कहा कि अभ्यर्थियों की मौत की वजह कोरोना वैक्सीन है। यह तो लंदन में भी साबित हो गया है कि कोरोना वैक्सीन से हृदय में ब्लड क्लॉट हो जाता है, जो मौत का कारण बनता है। पहले भी यहां जिम में सेलिब्रिटी की मौत हो चुकी है। अभ्यर्थी भी तेज गति से दौड़ने की वजह से मरे हैं, जो कोरोना वैक्सीन का साइड इफेक्ट है।

दौड़ निकालने के बाद बीमार हुई महिला अभ्यर्थी की मौतः उत्पाद विभाग में सिपाही की बहाली में दौड़ लगाने के बाद बीमार हुई टांगर निवासी आरती केरकेट्टा (32, पिता-स्व दिलु केरकेट्टा) ने शुक्रवार को रांची स्थित मेदांता अस्पताल में इलाज के क्रम में दम तोड़ दिया। आरती उत्पाद विभाग में सिपाही बहाली के लिए दौड़ में शामिल होने साहिबगंज गयी थी। 31 अगस्त को साहिबगंज के जैप-9 मैदान में उसने अपनी दौड़ समय सीमा के अंदर पूरी कर ली थी। दौड़ पूरी करने के बाद अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गयी थी। उसे इलाज के लिए साहिबगंज के सदर अस्पताल में भर्ती किया गया था। बाद में हालत बिगड़ने पर चार सितंबर को परिजनों ने उसे रांची स्थित मेदांता अस्पताल में भर्ती गया था, जहां शुक्रवार दोपहर 3:30 बजे उसकी मौत हो गयी। आरती केरकेट्टा विवाहित थी।

### एक और अभ्यर्थी की मौत

**हजारीबागः** उत्पाद सिपाही बहाली के लिए दौड़ने वाले एक और अभ्यर्थी के मौत की जानकारी सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार बिहार के मुंगेर के रहने वाले 25 वर्षीय करण राज की मौत इलाज के दौरान हजारीबाग में हो गई। उनकी दौड़ पलामू के चियांकी एयरपोर्ट पर थी। दौड़ने के दौरान ही वह बेहोश हुए थे। उसके बाद उन्हें पलामू से बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग लाया गया था। जानकारी के अनुसार करण राज की दौड़ 29 अगस्त को हुई थी।



## शराब नीति में केजरीवाल के इशारे पर हुआ बदलाव, मांगी रिश्वत



### सीबीआई की नई सप्लीमेंट्री चार्जशीट में कई खुलासे

एजेंसी

**नई दिल्ली :** कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई भ्रष्टाचार मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इस मामले में सीबीआई की ओर से दायर पूरक आरोपपत्र में खुलासा हुआ है कि जब शराब नीति बनाने की शुरूआत हुई तो तभी से अरविंद केजरीवाल इसमें शामिल थे। शराब नीति के निर्माण और इसमें बदलाव के लिए आपराधिक साजिश में शामिल थे।

जानकारी के लिए बता दें कि इस मामले में पांचवीं और अंतिम चार्जशीट दाखिल करने के साथ अपनी जांच पूरी करते हुए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने आरोप लगाया है कि केजरीवाल के पास पहले से ही आबकारी नीति का निजीकरण करने का पूर्व-निर्धारित विचार था। जिसे भ्रष्टाचार के आरोपों के सामने आने के बाद रद्द कर दिया गया।

मार्च 2021 के महीने में अपनी पार्टी आप के लिए मौद्रिक समर्थन की मांग की, जब सह-आरोपी मनीष सिसोदिया की अध्यक्षता वाले जीओएम द्वारा नीति तैयार की जा रही थी। सीबीआई ने आरोप लगाया है कि उनके करीबी सहयोगी और आरोपी विजय नायर के मीडिया और संचार प्रभारी दिल्ली आबकारी व्यवसाय के विभिन्न हितधारकों से संपर्क कर रहे थे। अनुकूल आबकारी नीति के बदले उनसे अवैध रिश्वत की मांग कर रहे थे।

## जम्मू- कश्मीर में अमित शाह ने कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा-

# राहुल गांधी लोगों को गुमराह करना करें बंद

### आतंकियों पर हुए फायर राहुल, अब्दुल्ला, पीडीपी, पत्थरबाजों सबको चुनचुनकर सुनाया



एजेंसी

**जम्मूः** नेशनल काफिरेंस व कांग्रेस पार्टी कहती है कि हम जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। मैं अब्दुल्ला साहब और राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि आप जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा कैसे वापस देंगे?

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल गांधी को मैं एक बात कहना चाहता हूं कि कितना भी जोर लगा लो गुर्जर, बकरवाल पहाड़ियों और दलितों के आरक्षण को हम हाथ नहीं लगाने देंगे। जब तक शांति नहीं होगी, पाकिस्तान से कोई बात नहीं होगी। आने वाला चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है। जब से देश आजाद हुआ। पहली बार, जम्मू कश्मीर का मतदाता दो झंडे नहीं, एक तिरंगे के नीचे अपना मतदान करेगा। पहली बार, दो संविधान नहीं, भारत के संविधान (जिसको बाबा साहेब अंबेडकर ने बनाया) के अंतर्गत मतदान होने जा रहा है। पहली बार, पूरे जम्मू कश्मीर सूबे में प्रधानमंत्री नहीं बैठ सकता, प्रधानमंत्री एक ही होता है, जिसे कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की जनता चुन कर भेजती है और वो हमारे प्रिय नेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

नेशनल कांफिरेंस व कांग्रेस पार्टी कहती है कि हम जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। मैं अब्दुल्ला साहब और राहुल बाबा से पूछना चाहता हूं कि आप जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा कैसे वापस देंगे? जनता को मूर्ख बना रहे हो आप क्योंकि जम्मू कश्मीर को स्टेट का दर्जा तो सिर्फ भारत सरकार ही दे सकती है। मैंने खुद सदन में कहा है कि चुनाव के बाद जम्मू-कश्मीर को स्टेट का दर्जा देंगे। जो चीज हमने दे ही दी है, वो चीज आप (नेशनल कांफिरेंस व कांग्रेस) मांग रहे हैं। लोगों को मूर्ख बना रहे हैं। नेशनल कांफिरेंस, कांग्रेस व पीडीपी वाले कहते हैं, हम पहले जैसी व्यवस्था लाएंगे। क्या आप इससे सहमत हो?

नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस पार्टी पत्थरबाजी व आतंकवाद में लिप्त लोगों को जेल से छोड़ना चाहती है ताकि जम्मू, पुंछ, राजौरी जैसे क्षेत्र जहां शांति है, वहां फिर से आतंकवाद आए। क्या आप इन क्षेत्रों में आतंकवाद को फिर से आने दोगे? हमने घर-घर जाकर इनके (नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस) विभाजनकारी एजेंडे के प्रति लोगों को जागरूक किया है। मैंने एक प्रेस वार्ता कर नेशनल कांफ्रेंस व कांग्रेस के विभाजनकारी एजेंडे को उजागर किया था। लेकिन आज मैं आप सब के सामने आया हूं, क्योंकि मैं मीडिया से ज्यादा भरोसा आप पर करता हूं क्योंकि मैं भी आपकी जमात वाला हूं, मैं भी बूथ अध्यक्ष रहा हूं।

## केन्या में एक स्कूल में लगी भयानक आग, जिंदा जले 17 छात्र, 13 गंभीर

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केन्या के एक स्कूल में आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयानक थी कि यह देखते ही देखते पूरे स्कूल में फैल गई। जानकारी के अनुसार इस हादसे में करीब 17 छात्रों की मौत हो गई और 13 से अधिक छात्र बुरी तरह से घायल बताए जा रहे है। घायल छात्रों को इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। बताया जा रहा है कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़ भी सकती है। पुलिस की ओर से घटना की पुष्टि की गई है। लेकिन आग कैसे लगी अभी इसके बारे में पता नहीं लग पाया है।



# बिहार : भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा पहुंचे श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा, टेका मत्था



एजेंसी

**पटना :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय जेपी नड्डा बिहार के दौरे पर हैं। जेपी नड्डा अपने बिहार प्रवास के दूसरे दिन शनिवार को पटना के तख्त श्री हरमंदिर साहिब गुरुद्वारा पहुंचे। गुरुद्वारा पहुंचने पर उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया गया। यहां पहुंचने पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गुरु के दरबार में मत्था टेका। इस दौरान उनके साथ विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, सांसद रविशंकर प्रसाद सहित भाजपा के कई नेता मौजूद थे। जेपी नड्डा शनिवार को खाजेकला घाट के पास दलित बस्ती में पहुंचेंगे और यहां सदस्यता अभियान चलायेंगे। इसके बाद पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल जायेंगे। यहां नये भवन के निर्माण कार्यों का जायजा लेंगे।

### मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का करेंगे उद्घाटन

इसके बाद जेपी नड्डा दरभंगा और मुजफ्फरपुर मेडिकल कॉलेज में सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। दरभंगा में वे एम्स के लिए बिहार सरकार की ओर से दी गयी जमीन का निरीक्षण करेंगे। इसके बाद वे मुजफ्फरपुर जायेंगे। यहां सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के ब्लॉक का उद्घाटन करेंगे। उल्लेखनीय है कि जेपी नड्डा शुक्रवार को बिहार को कई बड़ी सौगात दी थी। उन्होंने आईजीआईएमएस के प्रांगण में 188 करोड़ की लागत से बने क्षेत्रीय चक्षु संस्थान का उद्घाटन कर राज्य की जनता की सेवा में समर्पित किया था। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के 850 करोड़ की अनेक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इसके अलावा भागलपुर और गया के मेडिकल कॉलेज अस्पताल में सुपरस्पेशलिटी भवन का उदघाटन किया था

# मणिपुर में फिर बढ़ी हिंसा की घटनाएं, पांच की मौत

- रॉकेट हमले के बाद सुरक्षा बल अलर्ट
- डर के साये में जी रहे लोग, ड्रोन देखते ही घरों की लाइटें कर रहे बंद

एजेंसी

**इंफाल :** मणिपुर में उग्रवादियों के रॉकेट और ड्रोन्स से हमले के बाद पुलिस और सुरक्षा बल अलर्ट पर हैं। पुलिस ने बताया है कि सुरक्षा बलों ने चुराचांदपुर जिले में उग्रवादियों के तीन बंकर्स को नष्ट किया है। सुरक्षा बलों की यह कार्रवाई ऐसे समय हुई है, जब शुक्रवार को उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले सटे इलाकों में रॉकेट हमला किया था। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और छह लोग घायल हो गए थे। वहीं शनिवार को जिरिबाम जिले में हुई हिंसा में पांच लोगों की मौत हो गई है।



**हिंसा में पांच की मौतः** मणिपुर में ताजा हिंसा में शनिवार को जिरिबाम जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को सोते हुए गोली मारी गई। वहीं चार अन्य लोग आपसी गोलीबारी में मारे गए। पुलिस के अनुसार, उग्रवादी एक व्यक्ति के घर में घुसे और सोते हुए उसे गोली मार दी। इस घटना के बाद कुछ दूर ही हथियारबंद लोगों से उग्रवादियों का सामना हो गया और इस गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में तीन लोग पहाड़ी इलाकों के निवासी थे। जनजातीय निकास इंडीजेनस ट्राइब्स एडवोकेसी कमेटी ने घटना में संलिप्तता से इनकार किया है।

**उग्रवादियों के बंकर तबाह किए गएः** सुरक्षाबलों ने चुराचांदपुर जिले के मुआलसांग गांव में दो बंकर और चुराचांदपुर के लाइका मुआलसौ गांव में एक बंकर नष्ट किए हैं। उग्रवादियों ने बिष्णुपुर जिले के दो स्थानों पर नागरिक आबादी में रॉकेट दागे थे, जिनमें से एक वरिष्ठ नागरिक की मौत हो गई और छह अन्य नागरिक घायल हो गए। इसके बाद पुलिस टीमों और अतिरिक्त सुरक्षा बलों ने आसपास की पहाड़ियों में तलाशी अभियान चलाया। पुलिस ने कहा है कि हवाई गश्त के लिए एक सैन्य हेलीकॉप्टर भी तैनात किया गया है। कानून और व्यवस्था की स्थिति का जायजा लेने के लिए उच्च स्तरीय सुरक्षा बैठकें की गई हैं।

**पुलिस और सुरक्षा बल हाई अलर्ट परः** अधिकारी हालात पर बारीकी से नजर रख रहे हैं और पुलिस किसी भी आकस्मिक स्थिति का जवाब देने के लिए तैयार है। पिछले कुछ दिनों में हुए हमलों के बाद इंफाल घाटी में तनाव पैदा हो गया है। इस सप्ताह की शुरूआत में इंफाल पश्चिम जिले में दो स्थानों पर ड्रोन्स से बम गिराए गए और रॉकेट हमले किए गए। मणिपुर में इससे पहले रॉकेट और ड्रोन्स हमले नहीं हुए थे।

मणिपुर में पिछले साल मई से जारी हिंसा में अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों लोग बेघर हुए हैं। शुक्रवार रात को बिष्णुपुर और इंफाल पूर्वी जिलों में रात के समय ड्रोन्स देखे जाने के बाद लोग दहशत में आ गए। इसके बाद लोगों ने अपने-अपने घरों की लाइटें बंद कर दीं। पुलिस ने बताया कि बिष्णुपुर जिले के नारायणसेना, नाम्बोल कामोंग और इंफाल पूर्व के पुखाओ, दोलाईथाबी, शांतिपुर इलाकों में ड्रोन्स उड़ते देखे गए।

## सुविचार

**जीवन में एक छोटा सा फैसला भी आपको बहुत ही आगे या पीछे ला सकता है।**

## भारत निभा सकता है अहम भूमिका

**रूसी** राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ईस्टर्न इकॉनमिक फोरम में यह महत्वपूर्ण संकेत दिया कि अगर यूक्रेन चाहे तो वह बातचीत की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने संभावित मध्यस्थ के रूप में भारत सहित कुछ देशों के नाम भी सुझाए। उनके इस बयान ने ढाई साल से चले आ रहे इस युद्ध की समाप्ति की संभावनाएं जगाई हैं। इसके साथ ही एक स्तर पर रूस की इस पेशकश को भारत के अब तक के स्वतंत्र और संतुलित नजरिए की पुष्टि के रूप में भी देखा जा सकता है। वैसे खुद पुतिन ने संभावित मध्यस्थ के रूप में तीन देशों- भारत, चीन और ब्राजील- के नाम लिए, लेकिन जैसा कि बाद में उनके प्रवक्ता की ओर से दिए गए बयान से साफ हुआ, इनमें भारत की भूमिका ही प्रमुख मानी जा रही है। रूसी राष्ट्रपति के प्रवक्ता ने इस तथ्य को रेखांकित किया कि भारत युद्ध में शामिल दोनों ही पक्षों से सीधे सूचनाएं हासिल कर इस प्रक्रिया को अगुआई देने की स्थिति में है। अन्य कोई देश इस स्थिति में नहीं दिख रहा। इसके पीछे भारत का दोनों ही पक्षों से सहयोगात्मक संबंध बनाए रखने का आग्रह, पीएम मोदी की दुनिया के नेताओं से बेहतरीन पर्सनल केमिस्ट्री डिवेलप करने की क्षमता और हर हाल में देश हित पर आधारित स्वतंत्र और संतुलित नीति पर टिके रहने की प्रतिबद्धता का जिक्र किया जा सकता है। ध्यान रहे, पिछले दो महीने के अंदर रूस और यूक्रेन दोनों देशों की यात्रा पर जाने वाले पीएम मोदी दुनिया के एकमात्र प्रमुख नेता हैं। पुतिन और वोलोदिमीर जेलेंस्की दोनों से मुलाकात में उन्होंने भारत को शांति का पक्षधर बताते हुए बातचीत शुरू करने का सुझाव दिया था। पुतिन से पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की भी भारत से शांति प्रक्रिया को बढ़ावा देने का परोक्ष आग्रह करते हुए कह चुके हैं कि उसे अगले शांति सम्मेलन की मेजबानी करनी चाहिए। हालांकि उन्हें मालूम था और बाद में उन्होंने कहा भी कि मेजबानी वही देश कर सकता है, जिसने पहले शांति सम्मेलन के संयुक्त वक्तव्य में हस्ताक्षर किया हो। भारत शांति सम्मेलन में शामिल जरूर हुआ था, लेकिन संयुक्त वक्तव्य पर हस्ताक्षर करने से उसने इस आधार पर इनकार कर दिया था कि इसमें रूस की भागीदारी नहीं है। पॉजिटिव संकेत शुरू से भारत का यह स्पष्ट मत रहा है कि शांति की राह तभी खुल सकती है जब दोनों ही पक्ष इसके लिए तैयार हों और इस प्रक्रिया में भागीदारी करें। रूसी राष्ट्रपति का ताजा बयान निश्चित रूप से एक पॉजिटिव डिवेलपमेंट है, लेकिन यह महज शुरूआत है। हां, अगर यूक्रेन का रुख भी पॉजिटिव रहा तो दोनों पक्षों की सहमति बात को आगे बढ़ाने का एक ठोस आधार जरूर मुहैया करा सकती है।

## कानून बनाने के बाद भी नहीं मिल रहा इंसाफ

**पश्चिम** बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पश्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन कर नया विधेयक पारित कर दिया है। इसमें मामलों की जल्द जांच और त्वरित न्याय दिलाने के साथ-साथ दोषियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान भी किया गया है। कोलकाता के आरजी कर कालेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी सरकार ने महिला सुरक्षा से संबंधित मौजूदा कानून में संशोधन किया है। इससे पहले भी केंद्रीय और राज्य स्तर पर संशोधन के जरिए कानूनों को कड़ा करने के प्रयास किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या इन कोशिशों के बावजूद बलात्कार जैसे घृणित कृत्यों में कमी आई है? श्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन कर नया विधेयक पारित कर दिया है। इसमें मामलों की जल्द जांच और त्वरित न्याय दिलाने के साथ-साथ दोषियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान भी किया गया है। कोलकाता के आरजी कर कालेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी सरकार ने महिला सुरक्षा से संबंधित मौजूदा कानून में संशोधन किया है। इससे पहले भी केंद्रीय और राज्य स्तर पर संशोधन के जरिए कानूनों को कड़ा करने के प्रयास किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या इन कोशिशों के बावजूद बलात्कार जैसे घृणित कृत्यों में कमी आई है?

पश्चिम बंगाल सरकार ने बलात्कार के मामलों में दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए मौजूदा कानून में संशोधन कर नया विधेयक पारित कर दिया है। इसमें मामलों की जल्द जांच और त्वरित न्याय दिलाने के साथ-साथ दोषियों को मृत्युदंड की सजा का प्रावधान भी किया गया है। कोलकाता के आरजी कर कालेज एवं अस्पताल में एक महिला चिकित्सक के बलात्कार और हत्या के बाद प्रदेश सरकार ने यह कदम उठाया है। ऐसा पहली बार नहीं है जब किसी सरकार ने महिला सुरक्षा से संबंधित मौजूदा कानून में संशोधन किया है। इससे पहले भी केंद्रीय और राज्य स्तर पर संशोधन के जरिए कानूनों को कड़ा करने के प्रयास किए गए हैं। मगर, सवाल है कि क्या इन कोशिशों के बावजूद बलात्कार जैसे घृणित कृत्यों में कमी आई है? पश्चिम बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पर क्या कड़े कानून बना देने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लग पाएगा? दिसंबर 2012 में निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी केंद्रीय कानून में सख्त प्रावधान किए गए थे। यहां तक कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले किशोरों की उम्र सीमा को लेकर भी किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया था। पश्चिम बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पर क्या कड़े कानून बना देने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लग पाएगा? दिसंबर 2012 में निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी केंद्रीय कानून में सख्त प्रावधान किए गए थे। यहां तक कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले किशोरों की उम्र सीमा को लेकर भी किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया था। पश्चिम बंगाल के नए विधेयक में महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले यौन अपराधों को संज्ञेय और गैर-जमानती बनाया गया है। राज्य सरकार का दावा है कि बलात्कार से संबंधित केंद्रीय कानून में कुछ कमियां रह गई हैं, इसलिए विधानसभा में संशोधित विधेयक पारित किया गया। पर क्या कड़े कानून बना देने भर से महिलाओं के खिलाफ अपराधों पर अंकुश लग पाएगा? दिसंबर 2012 में निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी केंद्रीय कानून में सख्त प्रावधान किए गए थे। यहां तक कि जघन्य अपराधों को अंजाम देने वाले किशोरों की उम्र सीमा को लेकर भी किशोर न्याय अधिनियम में संशोधन किया गया था।

# राष्ट्रीय एकता का पर्व है गणेशोत्सव

> इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं।

**आरएस धमोरा**

**गणेश चतुर्थी पर विशेष**

गणेश शब्द का अर्थ होता है, जो समस्त जीव के ईश अर्थात स्वामी हो। गणेश जी को विनायक भी कहते हैं। विनायक शब्द का अर्थ है विशिष्ट नायक। वैदिक मत में सभी कार्य के आरम्भ जिस देवता का पूजन से होता है वही विनायक है। गणेश चतुर्थी के पर्व का आध्यात्मिक एवं धार्मिक महत्त्व है। मान्यता है कि भगवान गणेश विघ्नों के नाश करने और मंगल करने वाले देवता हैं। गणेश चतुर्थी का त्योहार महाराष्ट्र, गोवा, तेलंगाना, केरल और तमिलनाडु सहित पूरे भारत में काफी जोश के साथ मनाया जाता है। किन्तु महाराष्ट्र में विशेष रूप से गणेशोत्सव को 10 दिनों तक बड़े धूमधाम से मनाया जाता है। इस त्योहार को गणेशोत्सव या विनायक चतुर्थी भी कहा जाता है।

पुराणों के अनुसार इसी दिन भगवान गणेश का जन्म हुआ था। गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेशजी की पूजा की जाती है। कई प्रमुख जगहों पर भगवान गणेश की बड़ी-बड़ी प्रतिमायें स्थापित की जाती है। इन प्रतिमाओं का नौ दिनों तक पूजन किया जाता है। बड़ी संख्या में लोग गणेश प्रतिमाओं का दर्शन करने पहुंचते हैं। नौ दिन बाद गणेश प्रतिमाओं को समुद्र, नदी, तालाब में विसर्जित किया जाता है। गणेश हिन्दू धर्म में सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले देवता है। यह उत्सव खासतौर से महाराष्ट्र में मनाया जाता है। हालाँकि अब ये भारत के लगभग सभी राज्यों में मनाया जाने लगा है। गणेश चतुर्थी पर लोग पूरी भक्ति और श्रद्धा से ज्ञान और समृद्धि के भगवान की पूजा करते हैं।

भगवान गणेश को बुद्धि का देवता माना जाता है। हिंदू धर्म में किसी भी नए काम को प्रारंभ करने से पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। माना जाता है कि भगवान गणेश की पूजा करने के बाद प्रारंभ होने वाला कार्य हर हाल में पूरा होगा। भगवान शिव व माता पार्वती के पुत्र गणेश को विघ्नहर्ता भी कहा जाता है। गणेश चतुर्थी का त्योहार आने से दो-तीन महीने पहले ही कारीगर भगवान गणेश की मिट्टी की मूर्तियां बनाना शुरू कर देते हैं। गणेशोत्सव के दौरान बाजारों में भगवान गणेश की अलग-अलग मुद्रा में बेहद ही सुंदर मूर्तियां मिल जाती है। गणेश चतुर्थी वाले दिन लोग इन मूर्तियों को अपने घर लाते हैं। कई जगहों पर 10 दिनों तक पंडाल सजे हुए दिखाई देते हैं जहां गणेश जी की मूर्ति स्थापित होती हैं। प्रत्येक पंडाल में एक पुजारी होता है जो इस दौरान चार विधियों के साथ पूजा करते हैं। सबसे पहले मूर्ति स्थापना करने से पहले प्राण प्रतिष्ठा की जाती है। उन्हें कई तरह की मिठाइयां प्रसाद में चढ़ाई जाती हैं। गणेश जी को मोदक प्रिय है। इसे चावल के आटे, गुड़ और नारियल से बनाया जाता है। पूजा में गणपति को लड्डुओं का भोग लगाया जाता है।

इस त्योहार के साथ कई कहानियां भी जुड़ी हुई हैं जिनमें से उनके माता-पिता माता पार्वती और भगवान शिव के साथ जुड़ी कहानी सबसे ज्यादा प्रचलित है। शिवपुराण में रुद्रसंहिता के चतुर्थ खण्ड में वर्णन है कि माता पार्वती ने स्नान करने से पूर्व अपने मैल से एक बालक को उत्पन्न करके उसे अपना द्वारपाल बना दिया था। भगवान शिव ने जब भवन में प्रवेश करना चाहा तब बालक ने उन्हें रोक दिया। इस पर भगवान शंकर ने क्रोधित होकर अपने त्रिशूल से उस बालक का सिर काट दिया। इससे पार्वती नाराज हो उठीं। भयभीत देवताओं ने देवर्षि नारद की सलाह पर जगदम्बा की स्तुति करके उन्हें शांत किया। भगवान शिवजी के निर्देश पर विष्णुजी उत्तर दिशा में सबसे पहले मिले जीव (हाथी) का सिर काट कर ले आए। मृत्युंजय रुद्र ने गज के उस मस्तक को बालक के धड़ पर रखकर उसे पुनर्जीवित कर दिया। माता पार्वती ने हर्षातिरेक से उस गजमुख बालक को अपने हृदय से लगा लिया। ब्रह्मा, विष्णु, महेश ने उस बालक को सर्वाध्यक्ष घोषित करके अग्र पूज्य होने का वरदान दिया।

**स्वतंत्रता आंदोलन और गणेश चतुर्थी पर्व :** महान क्रांतिकारी बंकिम चंद्र चटर्जी ने 1882 मे वन्देमातरम नामक एक गीत लिखा था। जिस पर भी अंग्रेजों ने प्रतिबंध लगा कर गीत गाने वालों को जेल मे डालने का फरमान जारी कर दिया था। इन दोनों बातों से लोगों मे अंग्रेजों के प्रति बहुत नाराजगी व्याप्त हो गयी थी। लोगों मे अंग्रेजों के प्रति भय को खत्म करने और इस कानून का विरोध करने के लिए महान स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य तिलक ने गणपति उत्सव की स्थापना की और सबसे पहले पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव का आयोजन किया गया। देश की आजादी के आन्दोलन में गणेश उत्सव ने बहुत महत्वपूण भूमिका निभायी थी। 1894 में अंग्रेजों ने भारत में एक कानून बना दिया था जिसे धारा 144 कहते हैं जो आजादी के इतने वर्षों बाद आज भी लागू है। इस कानून में किसी भी स्थान पर 5 से अधिक व्यक्ति इकट्ठे नहीं हो सकते थे। ना समूह बनाकर कहीं प्रदर्शन कर सकते थे।

1894 से पहले लोग अपने घरों मे गणपति उत्सव मनाते थे लेकिन 1894 के बाद इसे सामूहिक तौर पर मनाने लगे। पुणे के शनिवारवडा के गणपति उत्सव में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ी। लोकमान्य तिलक ने अंग्रेजों को चेतावनी दी कि हम गणपति उत्सव मनाएगे, अंग्रेज पुलिस उन्हें गिरफ्तार करके दिखाये। कानून के मुताबिक अंग्रेज पुलिस किसी राजनीतिक कार्यक्रम मे एकत्रित भीड़ को ही गिरफ्तार कर सकती थी लेकिन किसी धार्मिक समारोह मे उमड़ी भीड़ को नहीं।

20 अक्तूबर 1894 से 30 अक्तूबर 1894 तक पहली बार 10 दिनों तक पुणे के शनिवारवाड़ा में गणपति उत्सव मनाया गया। लोकमान्य तिलक वहां भाषण के लिए हर दिन किसी बड़े नेता को आमंत्रित करते। 1895 मे पुणे के शनिवारवाड़ा मे 11 गणपति स्थापित किए गए। उसके अगले साल 31 और अगले साल ये संख्या 100 को पार कर गई। फिर धीरे-धीरे महाराष्ट्र के अन्य बड़े शहरों अहमदनगर, मुंबई, नागपुर, थाणे तक गणपति उत्सव फैलता गया। गणपति उत्सव में हर वर्ष हजारों लोग एकत्रित होते और बड़े नेता उसको राष्ट्रीयता का रंग देने का कार्य करते थे। इस तरह लोगों का गणपति उत्सव के प्रति उत्साह बढ़ता गया और राष्ट्र के प्रति चेतना बढ़ती गई।

1904 में लोकमान्य तिलक ने लोगों से कहा कि गणपति उत्सव का मुख्य उद्देश्य स्वराज्य हासिल करना है। आजादी हासिल करना है और अंग्रेजों को भारत से भगाना है। आजादी के बिना गणेश उत्सव का कोई महत्व नहीं रहेगा। तब पहली बार लोगों ने लोकमान्य तिलक के इस उद्देश्य को बहुत गंभीरता से समझा। आजादी के आन्दोलन में लोकमान्य तिलक द्वारा गणेश उत्सव को लोकोत्सव बनाने के पीछे सामाजिक क्रान्ति का उद्देश्य था। लोकमान्य तिलक ने ब्राह्मणों और गैर ब्राह्मणों की दूरी समाप्त करने के लिए यह पर्व प्रारम्भ किया था जो आगे चलकर एकता की मिसाल बना।

लोकमान्य तिलक ने जिस उद्देश्य को लेकर गणेश उत्सव को प्रारम्भ करवाया था वो उद्देश्य आज कितने सार्थक हो रहे हैं। आज के समय में पूरे देश में पहले से कहीं अधिक धूमधाम के साथ गणेशोत्सव मनाये जाते हैं। मगर आज गणेशोत्सव में दिखावा अधिक नजर आता है। आपसी सद्भाव व भाईचारे का अभाव दिखता है। आज गणेश उत्सव के पण्डाल एक-दूसरे के प्रतिस्पर्धात्मक हो चले हैं। गणेशोत्सव में प्रेरणाएं कोसों दूर होती जा रही हैं और इनको मनाने वालों में एकता नाम मात्र की रह गयी है। इस बार हमें एक बार फिर से संगठित होकर गणेशोत्सव को इतनी खुशी व धूमधाम से मनाना चाहिए जिससे समाज में एकता व भाईचारा बढ़ सकें। सही मायने में तभी हमारी पूजा सार्थक हो सकेगी।

# बड़े धोखे हैं इस राह में

> देश में डेटिंग ऐप्स को निजता के अधिकार के तहत रेगुलेट किया जाता है। मगर सूचना प्रौद्योगिकी (उचित सुरक्षा प्रथाओं और प्रक्रिया और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या सूचना) नियम, 2011 निजता के अधिकार को एनेबल करते हैं, लेकिन यह केवल क्रेडिट, डेबिट कार्ड, बॉयोमेट्रिक जानकारी, पासवर्ड, स्वास्थ्य जानकारी, मेडिकल रिकॉर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी तक ही सीमित है। ऐसे में डेटिंग ऐप्स को अन्य जानकारी जैसे कि उम्र, लिंग, धर्म और राजनीतिक संबद्धता को संवेदनशील जानकारी की श्रेणी के रूप में रखने की जरूरत नहीं होती है।

**मुकुंद**

दुनिया में ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स इस्तेमाल करने में भारत शीर्ष पांच देशों में शामिल है। इसमें संयुक्त राज्य अमेरिका पहले और चाइना दूसरे स्थान पर है। भारत में डेटिंग के लिए सर्वाधिक लोकप्रिय ऐप टिंडर, बम्बल, हप्पन और ट्रूली मैडली हैं। ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स की चर्चा में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के महरौली इलाके का श्रद्धा हत्याकांड का जिक्र जरूरी हो जाता है। 18 मई 2022 को श्रद्धा के लिव-इन पार्टनर आफताब पूनावाला ने उसकी गला घोटकर हत्या कर दी थी। हत्या के बाद उसने श्रद्धा के शव को अलग-अलग टुकड़ों में काटकर ठिकाने लगाया। उसके कुबूलनामे से जुड़े तमाम साक्ष्य इकट्ठा करने के बाद पुलिस ने उसे 12 नवंबर को गिरफ्तार किया। इस हत्याकांड का जिक्र इसलिए अहम हो जाता है कि इन दोनों की दोस्ती ऑनलाइन डेटिंग ऐप्स के जरिये हुई थी।

हाल ही में फ्रांस बेस्ड एक्स्ट्रा मैरिटल डेटिंग ऐप ग्लीडेन ने बताया कि भारत में उसके 20 लाख यूजर्स हैं। ऐसे में मन में यह सवाल उठना लाजिमी है कि क्या ऑनलाइन डेटिंग ऐप के लिए भारत में कोई कायदा-कानून है या नहीं? इसका जवाब यह है कि भारत में डेटिंग ऐप्स के रूल्स और रेगूलेशन को लेकर कोई स्पेसिफिक कानून नहीं है। माना जा रहा है कि देश में तीन करोड़ से ज्यादा लोग डेटिंग ऐप्स का इस्तेमाल करते हैं। इनमें 67 फीसदी पुरुष और 33 फीसदी यूजर्स महिलाएं हैं। ऐप यूज करने वालों ऐसे यूजर्स अधिक हैं जिनका जन्म 2000 के बाद हुआ है। यह बड़ा तथ्य है कि भारत में हर साल डेटिंग ऐप्स के सब्सक्रिप्शन से 500 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई होती है। देश में दो करोड़ से ज्यादा डेटिंग ऐप्स के पेड सब्सक्राइबर्स हैं। यूजर्स पर नजर रखने वाली वैश्विक कंपनी ग्लीडेन के मुताबिक, भारत में सितंबर 2022 से यह आंकड़ा 11 प्रतिशत बढ़ा है। अधिकांश नए ग्राहक (66 प्रतिशत) टीयर 1 शहरों से आते हैं। शेष (44 प्रतिशत) टीयर 2 और टीयर 3 शहरों से आते हैं। इस कंपनी का दावा है कि ऐप्स इस्तेमाल करने वाले पुरुष और महिला दोनों इंजीनियर, उद्यमी, सलाहकार, प्रबंधक, अधिकारी और चिकित्सक जैसे पेशेवर हैं।

देश में डेटिंग ऐप्स को निजता के अधिकार के तहत रेगुलेट किया जाता है। मगर सूचना प्रौद्योगिकी (उचित सुरक्षा प्रथाओं और प्रक्रिया और संवेदनशील व्यक्तिगत डेटा या सूचना) नियम, 2011 निजता के अधिकार को एनेबल करते हैं, लेकिन यह केवल क्रेडिट, डेबिट कार्ड, बॉयोमेट्रिक जानकारी, पासवर्ड, स्वास्थ्य जानकारी, मेडिकल रिकॉर्ड जैसी संवेदनशील जानकारी तक ही सीमित है। ऐसे में डेटिंग ऐप्स को अन्य जानकारी जैसे कि उम्र, लिंग, धर्म और राजनीतिक संबद्धता को संवेदनशील जानकारी की श्रेणी के रूप में रखने की जरूरत नहीं होती है। बावजूद इसके भारतीय यूजर्स चिंताओं से घिरे रहते हैं। एक्सक्लूसिव सिंगल्स क्लब जूलियो ने वैश्विक जनमत कंपनी यूगोव के साथ मिलकर भारत के आठ बड़े शहरों में 1,000 से ज्यादा एकाकी (सिंगलस) लोगों का सर्वे किया। इस सर्वेक्षण का चौंकाने वाला तथ्य यह है कि सिंगल्स के प्रोफाइल ऑनलाइन तो मैच हो रहे हैं, लेकिन वे असल जिंदगी में एक-दूसरे से नहीं मिलते। यूजर्स 24 घंटे सुरक्षा, प्रोफाइल की सच्चाई और डेटिंग ऐप्स की जटिलता से घिरे रहते हैं। कभी-कभी तो इसका मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा असर पड़ता है और लोग अवसाद से घिर जाते हैं। सर्वेक्षण में यह खुलासा हुआ है कि

इन ऐप्स और वेबसाइट्स का इस्तेमाल करने वाले ती में से दो लोगों ने कभी अपने संभावित साथी से आमने-सामने मुलाकात नहीं की। यह असली जीवन में जुड़ाव की कमी को दिखाता है। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, लेकिन सबसे बड़ी समस्या सही प्रोफाइल न मिलना और फेक पहचान का होना है। सर्वेक्षण में शामिल 78 फीसदी महिलाओं ने माना कि उन्हें इन प्लेटफार्मों पर फेक प्रोफाइल की समस्या का सामना करना पड़ा। इसलिए, वह चाहती हैं कि उनकी प्रोफाइल पर गोपनीयता और नियंत्रण बेहतर हो। वहीं, 74 फीसदी पुरुष और महिलाएं मानते हैं कि उनकी प्रोफाइल सिर्फ उन्हीं को दिखनी चाहिए, जिन्हें वे चुनते हैं। 82 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि डेटिंग या शादी के ऐप्स पर सुरक्षा के लिए सरकारी आईडी से प्रोफाइल की जांच जरूरी होनी चाहिए। सरकारों को इन प्लेटफार्मों पर होने वाले स्कैम्स को ध्यान में रखते हुए इस नियम को अनिवार्य बनाने पर विचार करना चाहिए।

इसके अलावा, युवाओं को इस प्रक्रिया में भावनात्मक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, क्योंकि यह अनुभव मुश्किल और थकाने वाला हो सकता है। सर्वे में शामिल करीब आधे लोगों ने माना कि डेटिंग या शादी के प्लेटफार्मों के इस्तेमाल से उनकी मानसिक सेहत पर बुरा असर पड़ा। ऑनलाइन बातचीत की सुविधा लोगों पर पहली मुलाकात में अच्छा प्रभाव डालने का दबाव डालती है। 62 प्रतिशत ने कहा कि वे बातचीत को मजाकिया या हल्का-फुल्का रखने का दबाव महसूस करते हैं। सर्वेक्षण का महत्वपूर्ण पहलू यह है कि चार में से तीन महिलाएं डेटिंग या शादी के ऐप्स और वेबसाइटों पर अपने अनुभव से खुश हैं। हालांकि, लगातार स्वाइप करते रहने से भावनात्मक थकान हो जाती है। 70 फीसद पुरुष और महिलाएं मानते हैं कि यह फीचर बेकार है और इससे उनकी परेशानियां बढ़ती हैं।

# विघ्नहर्ता, शुभकर्ता गणेशजी बहुआयामी देवता हैं

**अध्यात्म**

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं। प्राचीन काल से हिन्दू समाज कोई भी कार्य निर्विघ्न सम्पन्न करने के लिए उसका प्रारम्भ गणपति की पूजा से ही करता आ रहा है। प्रतिकूल, अशुभ, अज्ञान एवं दुःख से परेशान मनुष्य के लिये गणेश ही तारणहार है। वे सात्विक देवता हैं और विघ्नहर्ता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को सिद्धि विनायक भगवान गणेश का जन्म हुआ। गणेशोत्सव हिन्दुओं का एक उत्सव है। दरअसल गणेश सुख-समृद्धि, रिद्धि-सिद्धि, वैभव, आनन्द, ज्ञान एवं शुभता के अधिष्ठाता देव हैं। प्रथम देव होने के साथ-साथ उनका व्यक्तित्व बहुआयामी है, लोकनायक का चरित्र हैं। इसलिये वे सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता वाले देव है। गणेश के रूप में विष्णु शिव-पावर्ती के पुत्र के रूप में जन्म थे। उनके जन्म पर सभी देव उन्हें आशीर्वाद देने आए थे। विष्णु ने उन्हें ज्ञान का, ब्रह्मा ने यश और पूजन का, धर्मदेव पे धर्म तथा दया का आशीर्वाद दिया। शिव ने उदारता, बुद्धि, शक्ति एवं आत्म संयम का आशीर्वाद दिया। लक्ष्मी ने कहा कि जहां गणेश रहेंगे, वहां मैं रहूंगी।ह्व सरस्वती ने वाणी, स्मृति एवं वक्तृत्व-शक्ति प्रदान की। सावित्री ने बुद्धि दी। त्रिदेवों ने गणेश को अग्रपूज्य, प्रथम देव एवं रिद्धि-सिद्धि प्रदाता का वर प्रदान किया। गणेशजी की आकृति विचित्र है, किन्तु इस आकृति के आध्यात्मिक संकेतों के रहस्य को यदि समझने का प्रयास किया जाये तो सनातन लाभ प्राप्त हो सकता है। क्योंकि गणेश अर्थात शिव पुत्र अर्थात शिवत्व प्राप्त करना होगा अन्यथा क्षेम एवं लाभ की कामना सफल नहीं होगी। गजानन गणेश की व्याख्या करें तो ज्ञात होगा कि ह्यगजह्व दो व्यंजनों से बना है। ह्यगह्व प्रतीक है गति और गंतव्य का तो ह्यजह्व जन्म अथवा उद्गम का प्रतीक है। अर्थात गज शब्द उत्पत्ति और अंत का संकेत देता है-जहाँ से आये हो वहीं जाओगे। जो जन्म है वही मृत्यु भी है। ब्रह्म और जगत के यथार्थ को बनाने वाला ही गजानन गणेश है।

गणेश भारतीय संस्कृति के अभिन्न अंग हैं, वे सात्विक देवता हैं। वे न केवल भारतीय संस्कृति एवं जीवनशैली के कण-कण में व्याप्त है बल्कि विदेशों में भी घर-कारों-कार्यालयों एवं उत्पाद केन्द्रों में विद्यमान हैं। हर तरफ गणेश ही गणेश छाए हुए है। मनुष्य के दैनिक कार्यों में सफलता, सुख-समृद्धि की कामना, बुद्धि एवं ज्ञान के विकास एवं किसी भी मंगल कार्य को निर्विघ्न सम्पन्न करने हेतु गणेशजी को ही सर्वप्रथम पूजा जाता है, याद किया जाता है।

## पत्र

### रेपिस्टों को मिले मौत की सजा

2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद उभरे अभूतपूर्व जनअसंतोष का एक परिणाम कानूनों में बदलाव के रूप में भी सामने आया था, जिसके तहत रेप के लिए मौत की सजा तक के प्रावधान कर दिए गए थे। उसका काफी प्रचार भी हुआ था। बावजूद इस सबके, रेप के आंकड़ों में तो कमी नहीं ही आई, देश को सिहरा देने वाली कई बड़ी घटनाएं भी अंजाम लेती रहीं। दरअसल, रेपिस्टों के लिए मौत की सजा की मांग जनभावनाओं के तात्कालिक उभार को शांत करने में भले सहायक हो, एक्सपर्ट्स पहले से कहते रहे हैं कि इससे अपराध को काबू करने में खास मदद नहीं मिलती। उलटे यह डर रहता है कि कहीं रेपिस्ट विक्टिम को मार ही न डाले क्योंकि उसे पता होता है कि रेप की सजा भी फांसी हो सकती है, लेकिन हत्या के बाद विक्टिम द्वारा पहचाने जाने की संभावना खत्म हो जाती है।

**प्रवीण यादव, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### वार्ड सदस्यों को नहीं दिया जाता है बैठक की कोई भी सूचनाः रिया

**साहिबगंज :** सदर प्रखण्ड के रामपुर स्थित,सकरीगली पंचायत के उपमुखिया रिया कुमारी सहित कई वार्ड सदस्यों ने पंचायत के मुखिया बॉबी कुमारी पर पंचायत के विकास हेतु 15 वाँ वित्त आयोग योजना मद से प्राप्त राशि का मनमानें रूप से खर्च करने का आरोप लगाते हुए उप विकास आयुत साहिबगंज उपायुत के आलावे मुख्यमंत्री मुख्य सचिव को पत्र लिखा है।लिखे पत्र में कहा गया की उनके द्वारा पिछले 15 महीने से पंचायत के कार्यकारणी का बैठक भी न किया गया है। इनके द्वारा गुपचुप तरीके से कुछ स्वयं सदस्यों को मिला कर केवल कागजी तौर पर बैठक किया जा रहा है।बैठक से संबंधित कोई भी सूचना वार्ड सदस्यों को नहीं दिया जाता है साथ ही बिना कार्यकारणी के बैठक करवाये ही प्लान प्लस में योजनाओ को पंचायत सचिव को पैसे दे कर बदल दिया जा रहा है।जिसकी सूचना प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को कई बार दिया गया,किन्तु उनके द्वारा भी कोई कारवाई आज तक नहीं की गई। ऐसा लग रहा है,की उक्त पड्यन्त्र में प्रखण्ड विकास पदाधिकारी भी शामिल है।जिस कारण पंचायत में किए जा रहे कार्यों की कोई जानकारी केवल मुखिया एवं मुखिया पति को ही है। मुखिया पति,मुखिया का मोहर का गलत इस्तेमाल कर रहे है तथा अपने से फर्जी हस्ताक्षर भी कर रहे है एवं प्रखण्ड एवं पंचायत के बैठक भी मुखिया पति ही बैठ रहे है।उन लोगो ने पंचायत में हो रही गड़बड़ीयो की जांच कराने की मांग की है।अगर ऐसा नही होता है तो सभी जन प्रतिनिधि सामूहिक रूप से सामूहिक इस्तीफा दे देंगे। वही मुखिया ने अपने ऊपर लगे आरोप को निराधार बतलाया।

### एसपी ने जैप-09 समादेष्टा का लिया प्रभार

**साहिबगंज :** एसपी अमित कुमार सिंह ने शुक्रवार को जैप-09 के 15वें समादेष्टा के रूप में स्वतः प्रभार ग्रहण किया। प्रभार लेने के बाद उन्होंने बताया कि जैप 09 में चल रही उत्पाद विभाग की बहाली प्रक्रिया को सर्वप्रथम पूरा कराना उनकी पहली प्राथमिकता होगी।

### कैदी वार्ड में पुलिस जवान ने हॉस्पिटल के मैनेजर से की मारपीट

**साहिबगंज :** सदर अस्पताल पर स्थापित कैदी वार्ड में पुलिस जवान गार्ड ने हॉस्पिटल के मैनेजर डॉ यशवंत राव से मारपीट हुई सूत्रों ने बताया कि डॉ यशवंत राव हॉस्पिटल मैनेजर के पद पेपर स्थापित है।उन्होंने कैदी वार्ड के गार्ड से कहा आप लोग अपना वर्दी में रहे एवं कैदी वार्ड में ताला लगा दें। जिसके कारण कैदी वार्ड के गार्ड भड़क गए वहीं डॉ यशवंत राव से उलझ गए और हातपाई पर आ गए। वहीं डॉक्टर यशवंत राव ने फोन पर डीसी को सूचना दी वही डीसी ने जीरवाबाडी थाना सी बंटी यादव को भेज कर मामले की जानकारी ली।

### बीजेपी प्रखंड कार्य समिति की बैठक संपन्न

**साहिबगंज/मंडरोः** बीजेपी प्रखंड कार्य समिति कि बैठक प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार भगत की अध्यक्षता में किया। प्रभारी जिला मंत्री रमा नंद चोराशियां, प्रखंड मंत्री अमरेंद्र सिंह, विष्णु ठाकुर, पत्रास मुर्मू, बिनोद ठाकुर, गंगा धर सिंह, बलराम मंडल, मार्कुस मालती, चंदू पहाड़िया, अशोक मंडल, थॉमस हेंबाराम, पंकज मालती, अमर कांत राय, जगन तूरी, पंकज ठाकुर, आदि सेकडो कार्यकर्तागण मौजूद थे जिसमे बूथ अध्यक्ष को मजबूत बनाने के लिए बैठक किया गया।

### ग्रामीण कार्य विभाग एनआरईपी अंतर्गत संचालित योजनाओं कार्यों की समीक्षा



**साहिबगंज :** दंडाधिकारी -सह- उपायुक्त हेमंत सती के अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में ग्रामीण कार्य विभाग,एनआरईपी अंतर्गत संचालित योजनाओं, कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत किया गया।बैठक में उपायुक्त ने कार्य एजेन्सी कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०, साहेबगंज, अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2022-23 में अपूर्ण योजनाओं, पूर्ण योजनाओं के विषय में जानकारी ली एवं अपूर्ण योजनाओं जल्द पूर्ण करने को कहा गया। एनआरईपी के द्वारा निर्मित किया जा रहे।मॉडल आंगनबाड़ी के कार्य योजना के लिए उपयुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए व निर्देशित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव से पूर्व इन योजनाओं को पूर्ण करा लें। मौके पर एन०आर०ई०पी० कार्यपालक अभियंता एवं सभी प्रखण्डों के कनिय अभियंता उपस्थित थे।

### जन शिकायत समाधान के लिए एक सेल का गठन : एसपी

**साहिबगंज :** जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 सितंबर उओ राजमहल अनुमंडल के राजमहल राधनागर तीनपहाड़ व तालझारी थाना क्षेत्र के लिए टाउन हॉल बरहरवा के कोटालपोखर बरहरवा रांगा व बरहेट थाना क्षेत्र एवं साहिबगंज अनुमंडल के मिजाचौकी मुफस्सिल नगर जिरवाबाड़ी व बोरियो थाना क्षेत्र के लोगों की शिकायतों का समाधान सुबह 11 बजे से किया जाएगा। एसपी अमित कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस महानिदेशक व महानिरीक्षक के निर्देश के अनुसार जन शिकायत समाधान के लिए एक सेल का गठन किया गया है। इसका प्रभारी डीएसपी विजय कुमार कुशवाहा को बनाया गया है। वहीं पुअनि असीम कुजूर व गुलनाज बेगम को सदस्य बनाया गया है। लोग व्हाटसअप नंबर 9470591082, 9955576056 व ईमेल आईडी पर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

### शिक्षक पर छात्राओं को अश्लील वीडियो दिखाने का आरोप, अभिभावकों ने स्कूल में किया हंगामा

गोड्डा : गोड्डा जिले में एक बार फिर से शिक्षक विद्या के पवित्र मंदिर को कलंकित करने का काम किया है। मामला महगामा प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय, संग्रामपुर का है। उच्च कक्षा की छात्राओं ने स्कूल के शिक्षक अनवारूल होदा पर गंभीर आरोप लगाते हुए स्कूल प्रबंधन से शिकायत की है। छात्राओं का आरोप है कि शिक्षक क्लास में उन्हें मोबाइल पर अश्लील वीडियो दिखाकर अश्लील हरकतें करते हैं। पढ़ाने के बहाने मोबाइल पर गंदी चीजों को दिखाकर सवाल पूछते हैं। इसकी जानकारी मिलते ही अभिभावक आक्रोशित हो गए और ग्रामीणों के साथ स्कूल पहुंचकर जमकर हंगामा किया। प्रभारी प्रधानाध्यापक रामनारायण महतो ग्रामीणों से कहा कि मामले की लिखित शिकायत दें, वह इसे विभाग के पास भेज कर कार्रवाई की अनुशंसा करेंगे। इस बीच अभिभावकों ने कहा है कि जब तक आरोपी शिक्षक को विद्यालय से हटाया नहीं जायेगा, वे अपनी बच्चियों को स्कूल नहीं भेजेंगे।

# हेमंत सोरेन सरकार ने अपने वादा को पूरा नहीं किया : लोबिन हेंब्रम

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखंड अंतर्गत कला संस्कृति भवन में बोरियो विधानसभा पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने भाजपा में शामिल होने के बाद पहली बार मंडरो में प्रखंड स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित किया गया।जिसमें बोरियो विधानसभा प्रभारी गणेश तिवारी पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता उर्फ पप्पू साह मिलन समारोह में भाग लिया पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बेरोजगारी को अभी तक दूर नहीं कर सका झारखंड को अलग राज्य दर्जा दिलाने के लिए 1990 में उस समय बिहार के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव से हम लोग अलग




राज्य की मांग किया। उन्होंने यह प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया था। वहीं अटल बिहारी वाजपेई के शासनकाल में झारखंड एवं छत्तीसगढ़ को अलग राज्य का दर्जा दिया गया। हम लोगों का यह सोच एवं संघर्ष था। कि झारखंड राज्य में एक स्थानीय नीति बने जिसमें हमारे राज्य के पढ़े लिखे बेरोजगार पड़े युवक युवतियों को रोजगार मिले अब मैं भाजपा का दामन थाम लिया है। मैं वादा करता हूं कि इस क्षेत्र में जो भी छोटी बड़ी कंपनियां होंगी उसमें 75 प्रतिशत पढे लिखे युवक युवतियों को रोजगार दिया जाएगा, वहीं झामुमो सरकार को कोशते हुए कहा कि यह सरकार अपने वादा को पूरा नहीं किया हेमंत सोरेन की सरकार ने उत्पाद सिपाही में दर्जनों यूवक का जान ले लिया हेमंत सोरेन जेल जाने के बाद पुर्व झारखंड मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया गया झारखंड राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से आने के बाद कुछ ही दिनों में पुर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को हटाकर खुद मुख्यमंत्री बन गए दो-चार महीना की बात थी विधानसभा चुनाव नजदीक रहने के बाबजूद पुर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन को हटा दिया गया, मौके पर बोरीयो विधानसभा प्रभारी गणेश तिवारी, पुर्व जिला अध्यक्ष पप्पू साह, पुर्व प्रखंड अध्यक्ष अनिल मुर्मू प्रमोद भगत पुर्व विधायक प्रतिनिधि जब्बार अंसारी, समशेर अंसारी, नथानीयन मुर्म, मेरी मुर्म, पुर्व प्रमुख अंजलि हांसदा, सनाउल्लाह अंसारी, मंजर आलम जाहिद अंसारी मलीक अंसारी, समीद अंसारी, गुलाब अंसारी, जुमू अंसारी, गालीब अंसारी, हालीम अंसारी, जूलियस मुर्मू, प्रेम मुर्मू, नीगम भगत, समसुद अंसारी, मुन्ना अंसारी, फरीद अंसारी, अबुजर अंसारी, अतिकुल्ला अंसारी, हुरमुज अंसारी, भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता सहित सैकड़ों नये पुराने कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ससमय वेतन भुगतान निष्पादन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी : अमित

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवाः** एमडीएम उच्च विद्यालय के नए प्रधानध्यापक के रूप में शुक्रवार को अमित कुमार दास ने प्रभार ग्रहण किया है।जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय साहिबगंज के ज्ञापन 16/56 दिनांक 29/8/2024 के आदेशानुसार शुक्रवार को एमडीएम कन्या उच्च विद्यालय बरहरवा जिला साहिबगंज में नए प्रधानाध्यापक के रूप में अमित कुमार दास का प्रभार ग्रहण सह अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का प्रारंभ निवर्तमान प्रधानाध्यापक वरुण कुमार शाह एवं पूर्व प्रधानाध्यापक राजीव रोशन सिंह के द्वारा किया गया मतदोपरांत विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं टैग से जुड़े सभी



प्रधानाध्यापकों ने पुष्प कुछ व अंग वस्त्र देकर अमित कुमार दास को स्वागत और सम्मानित किया। प्रधानाध्यापक का प्रभार ग्रहण करने के बाद अमित कुमार दास ने बताया कि छात्राओं का शैक्षणिक सुधार एवं विद्यालय के संपूर्ण विकास विद्यालय टैग से जुड़े विद्यालयों का ससमय वेतन भुगतान करने की प्रक्रिया का निष्पादन करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी। उक्त कार्यक्रम में एमडीएम कन्या उच्च विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिका व इस विद्यालय के डीडीओ टैग से जुड़े प्रधानाध्यापकगण मौजूद थे।उक्त कार्यक्रम का संचालन एवं समाप्ति सुवेंदु विश्वास के द्वारा किया गया,इन दौरान स्कूल के छात्राओं ने भी नए प्रधानाध्यापक से शिस्टाचार मुलाकात कर उनका स्वागत किया।

## अखंड सुहाग के लिए महिलाओं ने रखा निर्जला व्रत, किया पारण

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/मंडरो :** प्रखण्ड मे अखंड सुहाग की कामना के लिए शुक्रवार को सुहागिनों ने हरतालिका तीज व्रत रखा। सुबह से ही घरों में उल्लास भरे माहौल में अनुष्ठान शुरू हुआ। नदियों के तट तक महिलाएं भक्ति गीतों के साथ स्नान-ध्यान किया। पति की लंबी आयु, सुखी दांपत्य जीवन और समृद्धि की कामना को लेकर सुबह से महिलाओं ने निर्जला व्रत शुरू किया। भगैया शिव पार्वती मंदिर भगवान शिव और माता पार्वती की प्रतिमा पर विधि-विधान से सुबह शाम पूजा-अर्चना की। साथ ही पौराणिक कथाएं सुनने की तैयारियां जोरों पर दिखी। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह हे। शुक्रवार को तृतीया तिथि दोपहर 12:18 बजे तक है,



लेकिन सूर्योदय तृतीया तिथि में होने से उदयातिथि के मान के अनुसार, शुक्रवार को पूरे दिन तीज की पूजा करेंगी।हरतालिका तीज पर ग्रह-गोचरों का उत्तम संयोग बना हुआ है। भाद्रपद शुक्ल तृतीया को उदय गामिनी तिथि, हस्त नक्षत्र, शुक्ल योग, गर करण, अमृत योग के साथ रवि योग के सुयोग में हरतालिका तीज का व्रत शुरू किया। पूरे दिन सुहागिनें पूजा-अर्चना में लीन रहेंगी उपवास रहने वाली सुहागिनी महिला सुशमा जयसवाल, सोनाक्षी जयसवाल, उषा जयसवाल, अनीता जयसवाल, नेहा देवी, सेनी देवी, श्याम वती देवी, सीलपा जयसवाल, कंचन जयसवाल, वीवाह देवी, अनीसा कुमारी, अर्चना कुमारी आदि।

### इलाज के दौरान सीआरपीएफ जवान की मौत

**साहिबगंज :** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में ट्रेनिंग के दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आने से साहिबगंज, कुलीपाड़ा निवासी सीआरपीएफ जवान मो शनवाज आलम पिता मो शम्स तमरेज की मौत हो गई। सीआरपीएफ 111 बटालियन के कमांडेंट नीरज यादव ने इसकी सूचना घर वालों को दी है। उन्होंने बताया है। कि ट्रेनिंग के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से शाहनवाज व एक अन्य जवान झुलस गए थे। जिसके बाद उन्हें दंतेवाड़ा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान मो शहनवाज की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि इस दुखद घटना में यूपी प्रयागराज के भी एक जवान की मौत हुई है। मो शहनवाज अप्रैल 2013 में सीआरपीएफ में बहाल हुए थे। इसके बाद से जम्मू कश्मीर में पदस्थापित थे। इधर हाल में ही उनकी पोस्टिंग छत्तीसगढ़ में हुई थी। मो शहनवाज के भाई हशमत तबरेज ने बताया कि अभी जुलाई में ईद उल अजहा की छुट्टी में घर आये थे। मो शहनवाज अपने पीछ भरापूरा परिवार छोड़ गये हैं।

## विकास के साथ जुड़ने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से लिया जाएगा सुझाव : कुणाल



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** शुक्रवार को भाजपा पतना मंडल कार्यसमिति की बैठक पतना प्रखण्ड के कटहलबाड़ी पंचायत के मुखिया चौकीदार हाँसदा के आवास में आयोजित किया गया।जिसमें पंचायत संयोजक बूथ संयोजक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष तथा प्रखंड कमेटी के सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक की अध्यक्षता पतना प्रखण्ड अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल की अध्यक्षता में कई गई।इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश कार्यालय के आदेशानुसार बूथ मजबूती व संकल्प पत्र सुझाव अभियान का कार्यक्रम की शुरूआत किया गया है। पतना प्रखंड के 70 बूथों को मजबूत करने के लिए दिनांक 8 सितम्बर एवं 9 सितम्बर को कार्यकताओं के साथ बैठक किया जाएगा और संकल्प पत्र की सुझाव प्रत्येक बूथ के प्रत्येक नागरिक से संकल्प पत्र हेतु सुझाव लिया जाएगा। जिससे झारखंड की संस्कृति के संरक्षण व विकास के साथ जुड़ने हेतु अपना सुझाव प्रत्येक व्यक्ति से लिया जाएगा।उक्त कार्यक्रम जिसका शुरूआत हमारे मुख्य अतिथि बरहेट विधानसभा के युवा भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्य समिति सदस्य ग्वालियर हेंब्रम द्वारा चालू किया गया। इस बैठक में भाजपा पतना प्रखण्ड अध्यक्ष कुणाल किशोर मंडल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह प्रभारी ललित देवी पासवान ,भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश मंत्री रिंकू शेख मुख्य रूप से शामिल हुए। वहीं भाजपा के महामंत्री मिथुन पंडित कैलाश शाह तथा सातों मोचाओं के प्रखंड अध्यक्ष एसटी मोर्चा के अध्यक्ष सुनील मुर्मू,किसान मोर्चा के अध्यक्ष जितेंद्र पुरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित रजक ,महिला मोर्चा के अध्यक्ष रागिनी देवी ,पूर्व प्रखंड अध्यक्ष बृजमोहन भगत,नंदू शाह ,ललन शाह संजयशाह ,टुडे मुर्मू चंद्रिका भगत ,श्याम टूरी ,संजय कुमार तुरी,संजीव शाह ,नंद शाह मनोज ठाकुर कसैला देवी देवी नीलम देवी रेखा देवी सुहानी देवी मिथुन कुमार मंडल विमल तुरी नंदू शाह वार्नर हेमराम ठाकुर, राय हेंब्रम मानिक मिश्रा ,गोविंद हांसदा जगदीश राय, गणेश पंडित, काशीराम कर्मकार ,सुभाष तुरी एवं प्रखंड पदाधिकारीयों के साथ संयोजक पंचायत संयोजक शामिल रहें।

## जिला बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समिति की बैठक संपन्न



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज :** जिला बाल कल्याण एवं बाल संरक्षण समिति की बैठक उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में आहूत की गई।बैठक में उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निदेर्शों पर की गई कार्रवाई के विषय में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बाल संरक्षण, देखरेख एवं संरक्षण की आवश्कता वाले बच्चों की स्थिति पर चर्चा कर उनके संबंध मे चलाई जा रही योजनाओं की समीक्षा की गई। बताया गया कि स्पॉन्सरशिप योजना के अंतर्गत 40 बच्चों को लाभान्वित किया जाना है एवं जिला में जल्द ही साइंस सिटी का अधिष्ठापन किया जाना है। उपयुक्त ने श्रमअध्यक्ष को निर्देशित करते हुए कहा कि जिले में बाल श्रमिक मुक्त सर्टिफिकेट जल्द उपलब्ध कराया जाए। वहीं वर्तमान में चल रहे बाल गृह भवन की मरमती करने हेतु एवं चारों ओर बाउंड्री बॉल का प्राक्कलन तैयार कर समर्पित करने हेतु निर्देशित किया गया ।मौके पर जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव, जिला बल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी एवं अन्य उपस्थित थे।

# भाजपा का संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर विशेष बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा :** नगर पंचायत क्षेत्र के कुशवाहा टोला स्थित आर बी प्लेस में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल कमेटी के बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता भाजपा के बरहरवा मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ विक्की गुप्ता ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में संकल्प पत्र सुझाव अभियान के कार्यक्रम प्रभारी चंद्रभान शर्मा उपस्थित थे।बैठक में भाजपा का संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर चर्चा किया गया. इस दौरान अभियान के कार्यक्रम प्रभारी चंद्रभान शर्मा ने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी के पदाधिकारी जिला, प्रखंड और मंडल स्तर पर जाकर विभिन्न वर्गों से सुझाव लेंगे. इसमें युवा, महिलाएं, किसान, मजदूर, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, पारा शिक्षक और सहिया दीदी शामिल हैं. इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जनता की आवाज को सुनना और उनके सुझावों को पार्टी के घोषणा पत्र में शामिल करना है. ताकि एक समृद्ध और विकसित झारखंड की संकल्पना को साकार किया जा सके. भाजपा के वरीय नेता कमल कृष्ण भगत ने कहा कि जनता का सुझाव झारखंड में बदलाव लाएगा. भाजपा लोगों से सुझाव लेने का प्रयास करती है ताकि राज्य के हित में उन्हें लागू किया जा सके. भाजपा मंडल



अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता उर्फ विक्की ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता होने के नाते समाज का अभिनंदन करते हैं और इसलिए हमलोगों के बीच आकर विधानसभा चुनाव में पार्टी के घोषणा पत्र के लिए सुझाव लेने का काम कर रहे हैं. जनता का सुझाव ही पार्टी का संकल्प होगा. भाजपा का घोषणा पत्र जनता का घोषणा पत्र होगा. इसके अलावा बैठक में सभी बूथों का पुनरीक्षण, पंचायत प्रभारी बनाए जाने तथा मन की बात को लेकर चर्चा किया गया. मौके पर मुख्य रूप से मंडल महामंत्री रविंद्र भगत, अमित भारती, छट्टू लाल शाह, निवर्तमान नगर अध्यक्ष श्यामल कुमार दास, पूर्व जिला अध्यक्ष पांचू सिंह, प्रभात गुप्ता, प्रदीप दास, अनुभव भगत, मंजू देवी, नियुक्ति देवी सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे.

# पसलियों में चोट के बावजूद 'बिग बॉस-18' के सेट पर पहुंचे सलमान

बॉलीवुड के 'भाईजान' सलमान खान को बिग बॉस के नए सीजन में देखने के लिए उनके फैंस बेताब हैं। बिग बॉस सीजन-18 जल्द ही फैंस के सामने आने वाला है। इस सीजन के शुरू होने से पहले ही पिछले कुछ समय से इसकी काफी चर्चा हो रही है। ऐसी अफवाहें थीं कि सलमान खान इस साल बिग बॉस शो को होस्ट नहीं करेंगे। हालांकि, बिग बॉस फैंस के लिए एक अच्छी खबर है और इस शो को सलमान खान होस्ट करेंगे। अभिनेता सलमान खान बिग बॉस-18 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जानकारी के मुताबिक, सलमान खान ने बिग बॉस- 18 शो की शूटिंग शुरू कर दी है। बिग बॉस-18 जल्द ही दर्शकों के सामने आएगा। बिग बॉस ओटीटी-3 में भी फैंस को सलमान खान की कमी महसूस हुई। अब सलमान खान एक बार फिर होस्ट की भूमिका में नजर आएंगे।अटकलें लगाई जा रहा थी कि स्वास्थ्य कारणों से सलमान खान बिग बॉस शो को होस्ट नहीं करेंगे। ऐसी खबरें थीं कि पसलियों में चोट के कारण सलमान खान बिग बॉस-18 का हिस्सा नहीं बन पाएंगे, लेकिन अब सलमान खान ने सभी अफवाहों को खारिज कर दिया है, क्योंकि वह सीधे बिग बॉस के सेट पर पहुंच गए हैं। बिग बॉस-18 का प्रोमो शूट करने के लिए बिग बॉस के सेट पर पहुंचे सलमान खान का एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया पर इस समय एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सलमान खान बिग बॉस-18 के सेट के बाहर नजर आ रहे हैं। सलमान खान आगामी रियलिटी शो बिग बॉस-18 के प्रोमो की शूटिंग के लिए सेट पर पहुंचे। सलमान खान ब्लू शर्ट के साथ ब्लैक ब्लेजर और पैंट में बेहद हैंडसम लग रहे हैं। वीडियो में सलमान खान फोटो के लिए पोज देते वक्त चोट से जूझते नजर आए। वह चलते-चलते अपनी पसलियों को छूते नजर आए, जिससे साफ पता चल रहा है कि वह दर्द में हैं। दर्द में होने के बावजूद सलमान बिग बॉस के सेट पर पहुंचे और सेट के बाहर फैंस से मुलाकात भी की। उनके साथ एक प्रोमो भी शूट किया। 'बिग बॉस-18' का प्रोमो सितंबर 2024 के मध्य में प्रशंसकों के सामने आने की उम्मीद है।



बिग बॉस-18 का प्रोमो शूट करने के लिए बिग बॉस के सेट पर पहुंचे सलमान खान का एक वीडियो सामने आया है।




# थलपति विजय की फिल्म 'गोट' पहले दिन की शानदार कमाई

साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय के तमिल सिनेमा में काफी प्रशंसक हैं। रजनीकांत व कमल हासन के बाद थलापति विजय साउथ में एक बड़ा नाम है। थलपति विजय के प्रशंसक न केवल तमिलनाडु में हैं, बल्कि साउथ के राज्यों सहित पूरे भारत में हैं। उनकी 'मास्टर', 'लियो', 'बीस्ट' जैसी फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड बनाए हैं। उनकी नई फिल्म 'गोट' (ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम) 5 सितंबर 2024 को रिलीज हो गई है। इस फिल्म ने भी उनकी बाकी फिल्मों की तरह करोड़ों की कमाई की। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक फिल्म 'गोट' ने पहले दिन यानी गुरुवार को 43 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। इसी के साथ यह फिल्म 2024 की पहले दिन सबसे ज्यादा कमाई करने वाली तमिल फिल्म बन गई है। इस फिल्म ने हिंदी में 1.7 करोड़ रुपये, तमिल में 38.3 करोड़ रुपये और तेलुगु में 3 करोड़ रुपये का कारोबार किया है। फिल्म 'गोट' में जबरदस्त एक्शन है। इस फिल्म में विजय एक जासूस की भूमिका निभा रहे हैं और वह इस फिल्म में कई स्टंट करते नजर आ रहे हैं। 'गोट' में अभिनेता, निर्देशक और कोरियोग्राफर प्रभुदेवा हैं। इसमें विजय को उनके सामान्य उपद्रवी लुक में दिखाया गया है और उन्होंने फिल्म में दोहरी भूमिका निभाई है। थलापति विजय ने कुछ महीने पहले हमेशा के लिए सिनेमा छोड़ने का ऐलान किया था। उन्होंने 'तमिझागा वेत्री कजगम' यानी 'तमिलनाडु विक्ट्री पार्टी' नाम से एक पार्टी बनाई है और कहा है कि वह अब सिर्फ राजनीति करेंगे। एक बार जब 'गोट' और एक अनाम फिल्म की शूटिंग हो गई, तो विजय ने घोषणा की थी कि वह फिल्म उद्योग को हमेशा के लिए छोड़ देंगे। राजनीति उनके लिए सिर्फ एक शौक नहीं है, बल्कि इसमें काम करने की प्रबल इच्छा है। उन्होंने कहा था कि वह खुद को पूरी तरह से इसके लिए समर्पित करना चाहते हैं, इसलिए वह अब फिल्मों में काम नहीं करेंगे।

# 'बॉर्डर-2' में हुई एक्टर दिलजीत दोसांझ की एंट्री

बॉलीवुड एक्टर सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर' के दूसरे पार्ट की चर्चा काफी दिनों से चल रही है। 'गदर-2' की सफलता के बाद सनी देओल ने 'बॉर्डर-2' का ऐलान किया था। एक के बाद एक इस फिल्म के कलाकारों के नाम सामने आ रहे हैं। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर इस नए कलाकार के नाम की घोषणा की है।



सनी देओल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से इस कलाकार के नाम का ऐलान करते हुए एक नया वीडियो शेयर किया है। इस प्रोमो से साफ हो गया है कि वो कलाकार कोई और नहीं, बल्कि दिलजीत दोसांझ हैं। प्रोमो में सोनू निगम की आवाज में फिल्म बॉर्डर का ओरिजिनल गाना 'संदेसे आते हैं' बजाया गया। फिर दिलजीत दोसांझ का नाम आता है। प्रोमो में दिलजीत की आवाज में एक डायलॉग भी है। 'इस देश की तरफ उतने वाली हर नजर झुक जाती है खौफ से... सरहदों पर जब गुरु के बज पहरा देते हैं!' दिलजीत का डायलॉग दिल दहला देने वाला है। इस प्रोमो को शेयर करते हुए सनी ने कैप्शन दिया, 'फौजी आपका स्वागत है।'

सनी के अलावा दिलजीत ने भी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस प्रोमो वीडियो को शेयर कर अपनी फिल्म की घोषणा की है। 'पहली गोली दुश्मन चलाएगा और आखिरी गोली हम' का प्रोमो शेयर कर रहे हैं। मैं इतनी महान और शानदार टीम के साथ जुड़कर बहुत खुश हूं।' इसके अलावा, मैं बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं कि मुझे उन सभी चीजों को दिखाने का मौका मिला जो सैनिकों ने किया है," दिलजीत ने इसे कैप्शन दिया।

सनी देओल ने जून के महीने में इस फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी। उस समय उन्होंने कहा था कि वह 1997 में रिलीज हुई जेपीडी दत्ता की 'बॉर्डर' में एक सैनिक की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं और फिल्म का सीक्वल अब सिनेमाघरों में आएगा। इस फिल्म का निर्देशन अनुराग सिंह करेंगे। सनी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर लिखा कि '27 साल पहले एक सैनिक ने वादा किया था कि वह वापस आएगा। वह उस वादे को पूरा करने और भारत की मिट्टी को सलाम करने आ रहे हैं।' इसी बीच ऑफिशियल अनाउंसमेंट के बाद मेकर्स ने फिल्म की कास्टिंग का ऐलान करना शुरू कर दिया है। अब तक आयुष्मान खुराना और वरुण धवन के नाम की घोषणा हो चुकी है। उन्होंने कहा कि फिल्म 'बॉर्डर 2' भारत की सबसे बड़ी वॉर फिल्म होगी। इस बीच, फिल्म अगले साल यानी 2025 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# कैंसर से जूझ रहीं हिना खान को एक और बीमारी

**टीवी पर** अपनी एक्टिंग का जादू दिखा चुकीं एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रही हैं। हिना फिलहाल कीमोथेरेपी ट्रीटमेंट ले रही हैं। हिना अपने फैंस के साथ ट्रीटमेंट की सारी अपडेट्स शेयर करती रहती हैं। इसी बीच अब हिना ने अपनी हेल्थ पर अपडेट दिया है। कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट हो रहे हैं। तो उसे एक नई बीमारी हो गई। हिना खान को स्टेज थ्री ब्रेस्ट कैंसर है। हिना खान ने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट से अपनी बीमारी के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वह कीमोथेरेपी के दुष्प्रभाव के कारण म्यूकोसाइटिस से पीड़ित थीं। हिना ने अपनी पोस्ट में कहा, "कीमोथेरेपी का एक और साइड इफेक्ट म्यूकोसाइटिस है। हालांकि, मैं उनके इलाज के लिए डॉक्टर के निदेशों का पालन कर रही हूं।' यदि आप में से कोई भी इससे गुजर चुका है या कोई उपयोगी समाधान जानता है तो कृपया सुझाव दें। जब आप कुछ भी नहीं खा सकते तो यह बहुत मुश्किल होता है।



## फैंस से हिना की अपील मेरे लिए दुआ करें...

हिना खान ने अपने पोस्ट के कैप्शन में फैंस से दुआएं मांगी हैं। हिना की पोस्ट पर फैंस ने उनका हौसला बढ़ाते हुए कमेंट किए हैं। एक प्रशंसक ने कहा, 'आपके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।' दूसरे ने लिखा, 'जल्दी ठीक हो जाओ।' आपके लिए प्रार्थना कर रहा हूं।" एक ने टिप्पणी की, "सही इलाज लें, एक बुरी सलाह से चीजें और खराब हो सकती हैं।" हिना खान ने इंस्टाग्राम पर हेल्थ अपडेट शेयर किया। उन्होंने अपनी पोस्ट में हिना ने कहा कि उन्होंने पांच कीमोथेरेपी उपचार पूरे कर लिए हैं और तीन और इंजेक्शन बाकी हैं। कुछ दिन कठिन होते हैं और कुछ बहुत कठिन होते हैं, जैसे आज का दिन है और मुझे आज बहुत अच्छा महसूस हो रहा है।'हिना खान ने सोशल मीडिया के जरिए अपने ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी दी थी। हिना खान के ये पोस्ट करने के बाद सनसनी मच गई।



# एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे ने बॉलीवुड प्रोड्यूसर पर लगाया यौन शोषण का आरोप

मी टू' मूवमेंट एक समय काफी हॉट टॉपिक था। 'मी टू' आंदोलन के दौरान मनोरंजन उद्योग की कई प्रमुख हस्तियों पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस बीच हेमा कमेटी की रिपोर्ट सामने आने के बाद से मलयालम, तमिल और तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री में यौन उत्पीड़न और शोषण के चौंकाने वाले और खुलासे हुए हैं। एक के बाद एक एक्ट्रेस सामने आ रही हैं और यौन उत्पीड़न को लेकर चौंकाने वाले दावे कर रही हैं। इसी बीच अब इस लिस्ट में मशहूर टीवी एक्ट्रेस शिल्पा शिंदे भी शामिल हो गई हैं। शिल्पा शिंदे ने आरोप लगाया है कि उनके शुरूआती करियर के दौरान एक हिंदी फिल्म निमार्ता ने उनका यौन उत्पीड़न किया था। सीरियल 'भाभीजी घर पर हैं' में अंगूरी भाभी का किरदार निभाकर सुर्खियों में आई शिल्पा शिंदे ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया। इसी बीच बातचीत में शिल्पा ने बेहद चौंकाने वाला दावा किया है। उन्होंने कहा कि एक बार उनसे ऑडिशन के नाम पर एक फिल्म निमार्ता को यौन रूप से आकर्षित करने के लिए कहा गया था।शिल्पा ने कहा, 'मैं 1998-99 के आसपास संघर्ष कर रही थी। मैं नाम नहीं बता सकती, लेकिन उन्होंने मुझसे कहा, 'तुम ये कपड़े पहनो और यह सीन करो।' मैंने वो कपड़े नहीं पहने। मैं तब बहुत मासूम थी और उनके इरादे नहीं समझ सकी। इसलिए मैंने वो सीन किया लेकिन उस शख्स ने मेरे साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की और मैं बहुत डर गई। उस वक्त मैं उसे धक्का देकर भाग गयी।' सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत मुझे वहां से जाने के लिए कहा था। उन्होंने सोचा कि मैं शोर मचाउंगी और मदद के लिए चिल्लाऊंगी।' हालांकि, बिग बॉस विजेता शिल्पा शिंदे ने निमार्ता के नाम की घोषणा नहीं की। उन्होंने कहा कि 'निमार्ता हिंदी सिनेमा के एक प्रसिद्ध व्यक्ति थे। मैं बिल्कुल भी झूठ नहीं बोल रही हूं, लेकिन अभी मैं उसका नाम नहीं बता सकती। उनके बच्चे शायद मुझसे थोड़े छोटे हैं और अगर मैं अभी इसका जिक्र करुँगी तो बच्चों को भी दुख होगा। कुछ साल बाद मेरी उनसे दोबारा मुलाकात हुई। उस वक्त उन्होंने मुझसे बहुत प्यार से बात की। उन्होंने मुझे नहीं पहचाना। उन्होंने मुझे एक फिल्म में अभिनय करने की पेशकश भी की, लेकिन मैंने मना कर दिया।'

# जिम एफ्रो टी10 सीजन-2 में दिखेगा वार्नर नीशम, विली, ब्रैथवेट और मुनरो का जलवा

एजेंसी

**हरारे।** क्रिकेट का सबसे तेज और सबसे मनोरंजक फॉर्मेट रोमांचक मुकाबलों के एक और ब्लॉकबस्टर सीजन के साथ वापस आ गया है। टी10 क्रिकेट का यह आगामी सीजन बड़ा और बेहतर होने जा रहा है और इसकी शुरूआत हरारे में जिम एफ्रो टी10 के सीजन 2 के साथ होगी। अगले चार महीनों में, बेहद रोमांचक टी10 फॉर्मेट एशिया, उत्तरी अमेरिका और अफ्रीका में घूमेगा। सीजन की शुरूआत 21 से 29 सितंबर तक हरारे में जिम एफ्रो टी10 की वापसी के साथ होगी, जिसका प्लेयर्स ड्राफ्ट 8 सितंबर को होगा।

जिम एफ्रो में छह फ्रैंचाइजी ने ड्राफ्ट में जाने से पहले अपने आइकन और वैश्विक सुपर स्टार को सीधे साइन किया है, ताकि उनके 15-सदस्यीय दल को उनके वैश्विक आइकन के रूप में एक अतिरिक्त 16वें खिलाड़ी के साथ पूरा किया जा सके। टीम में 6




स्थानीय जिम्बाब्वे खिलाड़ी होंगे और आइकन तथा वैश्विक स्टार भी जिम्बाब्वे से हो सकते हैं। ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वार्नर और वेस्टइंडीज के हार्ड हिटिंग बल्लेबाज कार्लोस ब्रैथवेट को बुलावायो ब्रेव्स जगुआर ने साइन किया है, जबकि केप टाउन सैम्प आर्मी ने इंग्लैंड के डेविड विली और डेविड मलान, अफगानिस्तान के गुलबदीन नैब और कैस अहमद को खरीदा है। डरबन वॉल्व्स ने न्यूजीलैंड के कॉलिन मुनरो और मार्क चैपमैन के साथ पाकिस्तान के बाएं हाथ के पावर हिटर शारजील खान और यासिर शाह को टीम में शामिल किया है। इसी तरह हरारे बोल्ट्स ने जेम्स नीशम और जोबर्ग बांग्ला टाइगर्स ने ऑस्ट्रेलिया के क्रिस लिन को टीम में शामिल किया है। न्यूयॉर्क स्ट्राइकर्स लागोस की बात करें तो इस टीम ने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मजूराबानी को अपने बड़े खिलाड़ियों में से एक चुना है, साथ ही थिसारा परेरा (श्रीलंका), आसिफ अली (पाकिस्तान) को भी टीम में शामिल किया है। जिम एफ्रो टी10 के बाद यूएस मास्टर्स लीग का दूसरा सीजन, अबू धाबी टी10 और उद्घाटन लंका टी10 दिसंबर में सीजन का समापन करेगा। जिम्बाब्वे के बाद श्रीलंका टी10 को अपनाने वाला दूसरा आईसीसी पूर्ण सदस्य देश बनने के लिए तैयार है। लंका टी10 तुरंत ही श्रीलंकाई क्रिकेट कैलेंडर पर एक महत्वपूर्ण इवेंट के रूप में खुद को स्थापित कर लेगा, जो खेल के सबसे तेज और सबसे रोमांचक प्रारूप को प्रदर्शित करेगा। टी टेन ग्लोबल स्पोर्ट्स के संस्थापक और अध्यक्ष नवाब शाजी उल मुल्क ने कहा, 'हम एक रोमांचक सीजन के लिए तैयार हैं, और यह कई कारणों से अतिरिक्त रूप से खास होने जा रहा है। पिछले साल जिम्बाब्वे में मिली शानदार सफलता के बाद उत्साह चरम पर है, और हम हरारे में इसकी शुरूआत करने के लिए रोमांचित हैं। प्रत्याशा और उत्साह स्पष्ट है, और हम यह देखने के लिए उत्सुक हैं कि यह प्रारूप दुनिया भर के क्रिकेट प्रशंसकों को कैसे आकर्षित करता है।

**डायरेक्ट साइनिंग : हरारे बोल्ट:** दासुन शनाका (श्रीलंका: ग्लोबल सुपरस्टार), जेम्स नीशम (न्यूजीलैंड: आइकन), जॉर्ज मुन्से (स्कॉटलैंड), रिशद हुसैन (बांग्लादेश), शेहान जयसूर्या (श्रीलंका), केनर लुईस (वेस्टइंडीज)।

**बुलावायो ब्रेव्स जगुआर:** डेविड वार्नर (ऑस्ट्रेलिया: आइकॉन), कार्लोस ब्रैथवेट (वेस्टइंडीज), निक हॉब्सन (ऑस्ट्रेलिया), कोबे हर्फ्ट (ऑस्ट्रेलिया)

**डरबन वॉल्व्स:** कॉलिन मुनरो (न्यूजीलैंड: ग्लोबल सुपरस्टार), मार्क चैपमैन (न्यूजीलैंड: आइकॉन), विल स्मीड (इंग्लैंड), शारजील खान (पाकिस्तान), मुहम्मद इरफान (पाकिस्तान), यासिर शाह (पाकिस्तान)

**केप टाउन सैम्प आर्मी:** हैदर अली (पाकिस्तान: ग्लोबल सुपरस्टार), डेविड विली (इंग्लैंड: आइकॉन), डेविड मलान (इंग्लैंड), गुलबदीन नैब (अफगानिस्तान), कैस अहमद (अफगानिस्तान), एडम रॉसिंगटन (इंग्लैंड), शाहनवाज दहानी (पाकिस्तान)

**एनवाईएस लागोस:** ब्लेसिंग मुजरबानी (जिम्बाब्वे: ग्लोबल सुपरस्टार), थिसारा परेरा (श्रीलंका: आइकॉन), आसिफ अली (पाकिस्तान), नजीबुल्लाह जादरान (अफगानिस्तान), बिनुरा फर्नांडो (श्रीलंका), अखिलेश बोगुडम (यूएसए), ओशेन थॉमस (वेस्टइंडीज)।

**जोह्नबर्ग बांग्ला टाइगर्स :** क्रिस लिन (ऑस्ट्रेलिया: ग्लोबल सुपरस्टार), कुसल परेरा (श्रीलंका: आइकॉन), चरिथ असलांका (श्रीलंका), हजरतुल्लाह जजई (अफगानिस्तान), एडम मिल्ने (न्यूजीलैंड), ल्यूक वुड (इंग्लैंड), करीम जनत (अफगानिस्तान)

## टखने में गंभीर चोट के कारण स्पेन की टीम से बाहर हुए ओयारजाबल

**मैड्रिड।** स्पेन की राष्ट्रीय टीम के कोच लुइस डे ला फुएंते रविवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ होने वाले यूईएफए नेशंस लीग मुकाबले में रियल सोसिएदाद के फारवर्ड मिकेल ओयारजाबल के बिना खेलेंगे, क्योंकि स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन



(आरएफईएफ) ने पुष्टि की है कि गुरुवार को सर्बिया के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ के दौरान उनका बायां टखना चोटिल हो गया है। ओयारजाबल खेल में अंतिम समय में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आए और खेल के अंतिम चरण में उन्हें चोट लग गई। शुक्रवार की सुबह स्पेन में वापस परीक्षण के बाद, चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई और ओयारजाबल बैसाखी के सहारे आरएफईएफ मुख्यालय छोड़कर सैन सेबेस्टियन लौट गए। ओयारजाबल के अलावा उनके क्लब के और भी कई खिलाड़ी चोटिल हैं। क्लब ने गेटाफे में हाल ही में 0-0 से ड्रॉ में डिफेंडर हैमर जुबेल्डिया और हामारी ट्रैओर को खो दिया, ट्रैओर को घुटने की चोट लगी है जो उन्हें पूरे सीजन के लिए बाहर रखेगी। मिडफील्डर ब्राइस मेंडेज उसी खेल में घायल हो गए, जबकि विंगर एंडर बैरेनेटक्सिया पूरे सीजन में अपनी फिटनेस से जूझते रहे, और गर्मियों में आर्सेनल और एटलेटिको मैड्रिड को क्रमशः मिकेल मेरिनो और रॉबिन ले नॉर्मंड की बिक्री से भी क्लब कमजोर हो गया।

## एशियन जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची जेएसएसपीएस की बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा



मेट्रो रेज

**रांची :** झारखंड राज्य खेल प्रोत्साहन सोसाइटी (जेएसएसपीएस) की बॉक्सर अमीषा केरकेट्टा 54 किलो वर्ग में भारत को नेतृत्व करते हुए मंगोलिया के बॉक्सर को हराकर अबू धाबी, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में चल रहे एएसबीबसी जूनियर एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप (27 अगस्त से 10 सितम्बर 2024 ) के फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच 9 सितंबर को तजाकिस्तान में खेला जाएगा। अमीषा सिमडेगा के एक गांव पैकपारा की रहने वाली है। इनके पिता दिलीप केर-केट्टा किसान हैं। अमीषा बचपन से ही खेल में रुचि रखती थी । जेएसएसपीएस में दाखिला और प्रशिक्षण के उपरांत अमीषा ने पदक जितना प्रारंभ कर दिया। वर्ष 2023 में अमीषा केरकेट्टा आईबीए वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था। जेएसएसपीएस जिसे सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड एवं झारखण्ड राज्य सरकार का संयुक्त रूप से संचालन किया जा रहा है और इसका मुख्य उद्देश्य झारखंड राज्य के प्रतिभावान बच्चों को खेल जगत में प्रोत्साहित करना है। वर्तमान में जेएसएसपीएस खेल अकादमी में कुल 286 प्रशिक्षु हैं जिन्हें कुल 11 खेल विधाओं जैसे वेटलिफ्टिंग, साईकलिंग , मुक्केबाजी, कुश्ती आदि में निपुण प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है । सीसीएल के प्रबंधन, जेएसएसपीएस, एलएमसी के सदस्यगण एवं सीईओ जीकेराठौर, विभिन्न खेलो के प्रशिक्षकगण, एवं अन्य ने अमीषा केरकेट्टा को बेहतरीन प्रदर्शन के लिए बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

# आरजी कर अस्पताल : हाउस स्टाफ की भर्ती में तीन वर्षों से चल रही थी धांधली

## सीबीआई को मिले सुराग



एजेंसी

**कोलकाता।** कोलकाता स्थित आर. जी. कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हाउस स्टाफ की नियुक्ति में पिछले तीन वर्षों से हो रही धांधली का खुलासा सीबीआई ने किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी का दावा है कि 84 डॉक्टरों और हाउस स्टाफ की भर्ती में भ्रष्टाचार के प्रमाण मिले हैं। इस साल हाउस स्टाफ की नियुक्ति के लिए 13 सदस्यों की कमेटी बनाई गई थी, जिसमें इंटरव्यू के बाद सभी सदस्यों के हस्ताक्षर आवश्यक थे। हालांकि, अंतिम हस्ताक्षर आरजी कर के पूर्व प्रिंसिपल और भ्रष्टाचार के मुख्य आरोपित संदीप घोष करते थे।

सीबीआई ने अदालत को बताया है कि 2022 और 2023 में हाउस स्टाफ के इंटरव्यू के बाद कमेटी के अन्य सदस्यों के हस्ताक्षरों को रद्द कर दिया जाता था और संदीप घोष अपने मनमुताबिक हाउस स्टाफ की नियुक्ति करके सूची तैयार करते थे। इस प्रक्रिया के पीछे करोड़ों रुपये के भ्रष्टाचार की आशंका जताई जा रही है।

सीबीआई ने संदीप घोष के करीबी व्यापारी बिप्लव सिंह की कंपनी 'मा तारा ट्रेडर्स' के अलावा 'बाबा लोकनाथ' और 'तियासा एंटरप्राइज' नामक दो अन्य कंपनियों का भी पता लगाया है। प्रारंभिक जांच के अनुसार, ये कंपनियां टेंडर प्रक्रिया में शामिल थीं। टेंडर प्रक्रिया के दौरान संदीप घोष ने अपनी मर्जी के अनुसार बोली निर्धारित कर बिप्लव की कंपनियों को ही टेंडर दिए। आरजी कर के कुछ अधिकारियों को टेंडर के बारे में जानकारी थी, लेकिन किसी को भी दस्तावेज नहीं दिए गए। केवल बिप्लव के पैसे वसूलने के समय ही संदीप घोष इन अधिकारियों को दस्तावेज सौंपते थे।

इसी तरह, संदीप घोष के करीबी एक और वेंडर सुमन हाजरा की कंपनी के माध्यम से मेडिकल उपकरणों के साथ-साथ सोफा सेट और रेफ्रिजरेटर की भी खरीदारी की जाती थी। इसके अलावा, सुरक्षा गार्ड अफसर अली की पत्नी के नाम पर अस्पताल में एक कैफे खोला गया था, जिसे अफसर ही चलाते थे। सीबीआई ने अब तक संदीप घोष के साथ बिप्लव, सुमन, और अफसर अली को भी गिरफ्तार कर लिया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## पटना साहिब गुरुद्वारा में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मत्था टेका, दरभंगा व मुजफ्फरपुर भी जाएंगे



एजेंसी

**पटना:** बिहार के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने शनिवार को पटना साहिब गुरुद्वारा में मत्था टेका। नड्डा सुबह सबसे पहले गुरुद्वारा पहुंचे, जहां गुरु महाराज जी के चरणों मे मत्था टेक आशीर्वाद लिया। इसके पश्चात उन्हें सरोपा भेंट किया गया। नड्डा के साथ विधानसभा अध्यक्ष नंद किशोर यादव, उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी गुरुद्वारा में मत्था टेका। जेपी नड्डा का आज पटना, दरभंगा एवं मुजफ्फरपुर में कार्यक्रम है। जेपी नड्डा पटना पटनासिटी के खाजेकलां में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे पीएमसीएच का निरीक्षण करेंगे। वे दरभंगा के शोभन में बनने वाले एम्स के निरीक्षण के लिए वहां जायेंगे। इसके बाद मुजफ्फरपुर के एसकेएमसीएच जाएंगे, जहां वे कैंसर संस्थान और पीकू इंसेंटिव यूनिट का निरीक्षण करेंगे और अस्पताल में सुपर स्पेशिलिटी ब्लॉक का उद्घाटन भी करेंगे।

## न्यूज IN ब्रीफ

### जाली नोट के तस्करो ने किये चौकाने वाले खुलासे,जांच में जुटी सुरक्षा एजेंसी



**पूर्वी चंपारण :** जिले के बंजरिया थाना क्षेत्र में करीब दो लाख भारतीय जाली नोट के साथ पकड़े गये तीन तस्करों ने पुलिस के सामने चौकाने वाले खुलासा किया है। तीनों ने बताया है कि इससे पहले जाली नोट की तीन बड़ी खेप जम्मू कश्मीर तक पहुंचा चुके हैं। ये लोग चौथी बार नेपाल से जाली नोट की खेप लेकर मोतिहारी के रास्ते दिल्ली जा रहे थे। वहां से जम्मू कश्मीर पहुंच जाली नोट की डिलीवरी देना था। एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार जाली नोट के तस्करों में भागलपुर इशाकचक का रहने वाला मो. नजरे शमसाद, भोजपुर सहार का रहने वाला मो वारिस व पटना सिगोरी का मो. जाकीर हुसैन शामिल है। तीनों के पास से पांच सौ की शक्ल में 390 पीस भारतीय जाली नोट, चोरी की एक बाइक व काला रंग का पिट्ठू बैग मिला है। एसपी ने बताया कि तीनो तस्करो की गिरफ्तार खुफिया इनपुट के बाद जाल बिछाकर किया गया।इनकी गिरफ्तारी के लिए रक्सौल रामगढवा सुगौली व बंजरिया तक सादे लिबास में पुलिस अधिकारियो को लगाया गया था। इस दौरान बंजरिया के खड़वा पुल के पास एक बाइक पर सवार तीन संदिग्ध युवकों को रोका गया। उनके पास एक पिट्ठू बैग की तलाशी ली गयी तो पांच-पांच सौ के 390 पीस नोट बरामद हुआ।बरामद नोट की जांच-पड़ताल की गयी तो वह नकली था।तीनों तस्करों के विरुद्ध बंजरिया थाने में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी में सदर एएसपी शिखर चौधरी,बंजरिया थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान,दारोगा कामेश्वर सिंह, संजय कुमार यादव, त्रिभुवन कुमार,किशन कुमार पासवान, जमादार भानू प्रताप दूबे, परमानंद ठाकुर, जिलाआसूचना इकाई के दारोगा अम्बेश कुमार, सिपाही लव कुमार, शिव शंकर, अविनाश कुमार सहित अन्य शामिल थे।एसपी ने बताया कि तस्करो ने बताया कि ये लोग जम्मू कश्मीर के सरफराज नामक व्यक्ति को नोट की डिलीवरी देने वाले थे।सरफराज का पाकिस्तान से कनेक्शन है। इंडो-पाक सीमा पर चौकसी के बाद यह जाली नोट पाकिस्तान से नेपाल के रास्ते मंगवाता है,फिर नेपाल की खुली सीमा का लाभ लेकर आसानी से जाली नोट भारत के अन्य राज्यो में फैलाता है। तीनो तस्करों ने बताया है,कि अब तक दस लाख से ज्यादा भारतीय जाली नोट जम्मु कश्मीर तक पहुंचा चुके है। तस्करो ने बताया कि नेपाल में रहने वाले दो शख्स के पास पाकिस्तान से जाली नोट पहुंचता है। हर बार की तरह इस बार भी नेपाल में उन्हीं दोनों ने जाली नोट दिया थ। उल्लेखनीय है,कि तीनों तस्करों के पास से बरामद जाली नोट उच्च क्वालिटी के है।जिसे आसानी से पकड़ पाना मुश्किल है।एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने बताया कि एनआईए,आइबी व आर्मी इंटेलिजेंस की टीम ने इन तस्करो से पूछताछ की है,जिससे मिले इनपुट के बाद कश्मीर में बैठे सरफराज समेत जाली नोट के सिंडिकेट के विरूद्ध कारवाई करेगी।

### अवैध बालू लोडेड 04 ट्रैक्टर एवं 04 जुगाड़ गाड़ी जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार



**भागलपुर :** भागलपुर पुलिस एवं बांका पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरूद्ध बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान सजौर थाना अंतर्गत अवैध बालू लोडेड 04 ट्रैक्टर एवं 04 जुगाड़ गाड़ी जब्त किया गया तथा एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है, जबकि अमरपुर थाना क्षेत्र में भारी मात्रा में भंडारण किया गया बालू जब्त किया गया। उक्त आशय की जानकारी शनिवार को सिटी एसपी श्रीराज ने दी। उल्लेखनीय हो कि वरीय पुलिस अधीक्षक भागलपुर के निदेर्शानुशार अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था भागलपुर, पुलिस उपाधीक्षक नगर-02 भागलपुर एवं बांका एसडीपीओ के संयुक्त कार्रवाई में सजौर एवं अमरपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी किया गया।

### फर्जी डिग्रीयां बेचने वाले विश्व विद्यालय पर कार्यवाही हो : शान्ता कुमार



**शिमला :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री शान्ता कुमार ने कहा है कि हिमाचल सरकार ने दो अच्छे निर्णय किये है। भांग की खेती के सम्बंध में निर्णय अच्छा है। परन्तु बहुत अधिक सावधानी करनी होगी। प्राईवेट विश्व विद्यालयाओं के सम्बंध में अच्छा निर्णय किया है। शान्ता कुमार ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भांग की खेती के सम्बंध में बधाई के साथ साथ बहुत अधिक सावधानी रखने की सलाह भी दी है। हिमाचल प्रदेश नशे के प्रकोप में पहले ही बहुत डूबा हुआ है। प्रदेश की जवानी त्रस्त हो रही है। भांग की खेती के सम्बंध में यदि सब प्रकार की चैकसी न बरती गई तो इसके कारण नशे का प्रकोप और बढ़ सकता है। शान्ता कुमार ने कहा कि जनसंख्या के हिसाब में पूरे भारत में हिमाचल प्रदेश में सबसे अधिक विश्व विद्यालय है। एक जिला में तीन विश्व विद्यालय है। दुर्भाग्य से कुछ प्राईवेट विश्व विद्यालय कई बार केवल डिग्री बेचने वाली दुकानों की तरह काम करते है। कुछ वर्श पहले बड़ी महत्वपूर्ण जांच चली थी और यह सिद्ध हो गया था कि एक विश्व विद्यालय ने पूरे भारत में 47 हजार फर्जी डिग्रीयां करोड़ों रू0 में बेची है। उन फर्जी डिग्रीयां से बहुत से लोग ऊच्चे पदों पर पहुंच गये है। कई वर्श तक जांच चलती रही। अब जांच की खबर आना भी बन्द हो गई है, हो सकता है करोड़ों रू0 की कमाई ने जांच को भी प्रभावित कर दिया हो। परन्तु फर्जी डिग्री के मामले में पूरे भारत में हिमाचल प्रदेश बदनाम हो गया था। इसलिए निजि विश्व विद्यालयओं के सम्बंध में सरकार का निर्णय बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह भी निवेदन किया है कि 47 हजार डिग्रीयां बेचने वाले विश्व विद्यालय के सम्बंध में कोई कार्यवाही क्यों नही हो रही है।

### राजौरी-कोटरांका रोड पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त, छात्र की मौत, चार घायल

**राजौरी :** राजौरी जिले के पाल्मा क्षेत्र के पास राजौरी-कोटरांका रोड पर एक वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक छात्र की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। जानकारी के अनुसार एक कार पंजीकरण संख्या जेके11ई 8411 पाल्मा क्षेत्र के पास राजौरी-कोटरांका रोड अचानक चालक के नियंत्रण से बाहर हो गई और सड़क से फिसलकर एक ओर जा गिरी। इस हादसे में एक छात्र की मौत हो गई जबकि चार अन्य घायल हो गए। कार में छात्र सवार थे जो स्कूल जा रहे थे। घायलों को बाद में जीएमसी राजौरी में स्थानांतरित कर दिया गया है। हालांकि घायलों की पहचान की पुष्टि होनी अभी बाकी है। इस बीच पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## जबलपुर में ओवरनाइट एक्सप्रेस के दो कोच पटरी से उतरे



एजेंसी

**जबलपुर :** मध्य प्रदेश के इंदौर से जबलपुर आ रही ओवरनाइट एक्सप्रेस के दो डिब्बे शनिवार सुबह पटरी से उतर गए। हादसा उस समय हुआ, जब ट्रेन जबलपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पहुंच रही थी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त की ट्रेन की रफ्तार कम थी, इसलिए बड़ा हादसा होने से टल गया। घटना में किसी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। रेलवे ने हादसे की जांच भी शुरू कर दी है। यह ट्रेन सुबह करीब 5:35 बजे जबलपुर पहुंचती है। ट्रेन अपने तय समय पर जैसे ही जबलपुर रेलवे स्टेशन ट्रेन पहुंची, तभी उसके दो एसी कोच पटरी से उतर गए। सूचना मिलते ही रेलवे का तकनीकी अमला मौके पर पहुंचा और राहत एवं बचाव कार्य में जुट गया। पश्चिम मध्य रेलवे की महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय भी मौके पर पहुंचीं और हादसे की जानकारी ली। खबर लिखे जाने तक दुर्घटना नियंत्रण ट्रेन के साथ बेपठरी कोच को फिर से पटरी पर लाने का काम जारी है। पश्चिम मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हर्षित श्रीवास्तव ने बताया कि अप ट्रैक बाधित है। मेन लाइन से जुड़े कोच को अलग कर दिया गया है। ट्रेन में 10 से 12 कोच थे। शुरूआती जांच में पता चला है कि प्लेटफार्म नंबर 6 आते समय यह हादसा हुआ है। उस समय ट्रेन की स्पीड 20 किलोमीटर प्रति घंटे थी। जनरल मैनेजर ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। एक पार्सल कोच है, जबकि एक एसी कोच है जो पटरी से उतरा हुआ है। उन्होंने बताया कि जल्द ही ट्रैक को दुरुस्त कर लिया जाएगा। कुछ देर के लिए इटारसी से जबलपुर आने वाली ट्रेन को मदन महल स्टेशन पर रोका गया है। ओवरनाइट ट्रेन के यात्री संदीप कुमार ने बताया कि वह कोच पर आराम कर रहे थे। इसी दौरान कुछ इस तरह की झटके लगे जैसे बहुत तेजी से ब्रेक लगा हो। जब तक कुछ समझ में आता, तब तक ट्रेन खड़ी हो चुकी थी। कुछ देर के लिए ऐसा भी लगा कि जैसे कोई हादसा हो गया है। इसके बाद ट्रेन काफी देर तक खड़ी रही। जब कोच से उतरकर बाहर देखा तो एसी कोच के दो डिब्बे पटरी से उतरे हुए थे।

## मणिपुर में फिर भड़की हिंसा



**गुवाहाटी :** मणिपुर के जिरीबाम जिले में हुई गोलीबारी में पांच लोगों की मौत हो गई। यह घटना जिरीबाम जिला मुख्यालय से छह किलोमीटर दूर शनिवार सुबह हुई। मणिपुर पुलिस के मुताबिक एक व्यक्ति की सोते समय अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी। उसके बाद हुई गोलीबारी में अन्य चार हथियारबंद लोग मारे गए। जानकारी के अनुसार आतंकवादी सुनसान इलाके में अकेले रहने वाले व्यक्ति के घर में घुस गए और सोते समय उसकी गोली मार कर हत्या कर दी। हत्या के बाद पहाड़ियों में दो समुदायों के हथियारबंद लोगों के बीच भारी गोलीबारी हुई, जिसमें तीन आतंकियों सहित कुल चार लोग मारे गए। घटना के बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की नाकाबंदी की है।

## श्रद्धालुओं से भरी कार की टक्कर, चार की मौत, छह गंभीर रूप से घायल

- बागेश्वर धाम में दर्शन कर वापस लौट रहे थे राजस्थान के श्रद्धालु, मुख्यमंत्री ने हादसे पर जताया दुख



**विदिशा :** मध्य प्रदेश के विदिशा जिले के लटेरी थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के श्रद्धालुओं से भरी कार और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौत हो गई। जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जिन्हें लटेरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी श्रद्धालु राजस्थान के झालावाड़ के रहने वाले हैं। वे छतरपुर में बागेश्वर धाम के दर्शन कर लौट रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार, छतरपुर जिला स्थित बागेश्वर धाम में दर्शन कर वापस लौट रहे राजस्थान के श्रद्धालुओं की कार शनिवार तड़के करीब तीन बजे सिरोंज की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही थी। इसी दौरान एक ट्रक पेट्रोल पंप से बाहर की ओर निकला, जिसकी वजह से श्रद्धालुओं से भरी कार पीछे से ट्रक में जा घुसी। हादसे में कार सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। पूरा घटनाक्रम पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी में कैद हो गया। हादसा इतना भीषण था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर पिचक गई, जिसके कारण पुलिस को शव और घायलों को निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

मृतकों की पहचान किशन लाल (60), कार चालक विनोद कुमार माली (25), वरदीबाई (70) और राजुबाई भील (48) के रूप में हुई है। वहीं, दिनेश कुमार लोधा (29), दरयाब बाई (65), पानी बाई (55), कमलाबाई (59), गन्नीराम (55) और अनिता बाई (34) को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है। क्षेत्र के एसडीओपी अजय मिश्रा ने बताया कि ईको स्पोर्ट्स कार में 10 लोग सवार थे। सीसीटीवी फुटेज से पता चला है कि कार ट्रक के पीछे घुसी थी। ट्रक बासौदा का है, उसे कब्जे में ले लिया गया है।

लटेरी थाना प्रभारी सुरेश सोलंकी ने बताया कि कार में 7 महिलाएं और तीन पुरुष सवार थे। हादसे में दो महिला और दो पुरुषों की मौत हुई है। वहीं, पांच महिलाओं समेत छह लोग गंभीर घायल हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोशल मीडिया के माध्यम से हादसे पर गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स के माध्यम से कहा कि मध्यप्रदेश सरकार मृतकों के परिजनों के साथ खड़ी है। पात्रता के अनुसार परिजनों को राज्य शासन द्वारा सहायता राशि दी जाएगी।

## देशभर में आज से 10 दिन रहेगी गणेशोत्सव धूम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** देशभर में आज से गणेशोत्सव शुरू हो रहा है। गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर सुबह से विघ्नहर्ता और प्रथमपूज्य देवता की पूजा-अर्चना शुरू हो गई है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने एक्स हैंडल पर समस्त देशवासियों को श्री गणेश चतुर्थी के पावन पर्व की शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस वर्ष गणेश चतुर्थी सात सितंबर को मनाई जा रही है। भगवान गणेश हिंदू धर्म में विघ्नहर्ता और




प्रथमपूज्य देवता के रूप में पूजे जाते हैं। वो अशुभता को दूर कर शुभ फल प्रदान करते हैं। गणेश चतुर्थी से ही 10 दिवसीय गणेशोत्सव का आगाज होता है। देश के लगभग हर हिस्से में सुबह भगवान गणेश की मंदिरों में आरती की गई। गणपति बप्पा मोरया...के पवित्र घोष के साथ मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में पहली आरती की गई। इस दौरान मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। ऐसा ही दृश्य लालबागचा राजा मंदिर में रहा। नागपुर के टेकड़ी गणेश मंदिर में भक्तों ने पूजा-अर्चना की। गुजरात में अहमदाबाद के वस्त्रपुर ना महागणपति मंदिर में सुबह की आरती की गई।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दौरे पर

# गोरखपुर में सैनिक स्कूल का उद्घाटन करेंगे



एजेंसी

**नई दिल्ली :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने विज्ञप्ति में धनखड़ के दो राज्यों के प्रवास कार्यक्रम का ब्यौरा साझा किया है। पीआईबी की छह सितंबर को जारी विज्ञप्ति के मुताबिक उपराष्ट्रपति सात सितंबर को उत्तर प्रदेश के गोरखपुर और चित्रकूट और मध्य प्रदेश के चित्रकूट (सतना) की एक दिवसीय यात्रा पर होंगे। अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान उपराष्ट्रपति सबसे पहले गोरखपुर में नवनिर्मित सैनिक स्कूल का उद्घाटन करेंगे।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि उपराष्ट्रपति धनखड़ स्वयं 1962 से 1967 तक सैनिक स्कूल चित्तौड़गढ़ के छात्र रहे हैं। उपराष्ट्रपति पूर्व में अपनी मातृ संस्था के साथ-साथ, सैनिक स्कूल, गोंदिया और सैनिक स्कूल, झुंझुनू का भी दौरा कर चुके हैं। उन्होंने संसद भवन में सैनिक स्कूल, घोड़ाखाल के छात्रों से भी मुलाकात की है। अपनी इस एक दिवसीय यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड़ उत्तर प्रदेश के चित्रकूट स्थित जगद्गुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय में 'आधुनिक जीवन में ऋषि परंपरा' विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की मुख्य अतिथि के तौर पर अध्यक्षता करेंगे। इसके अलावा उपराष्ट्रपति धनखड़ मध्य प्रदेश के सतना स्थित चित्रकूट में दीनदयाल अनुसंधान संस्थान में प्रखर राष्ट्रवादी और चिंतक नानाजी देशमुख की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन भी अर्पित करेंगे।

### उपराष्ट्रपति धनखड़ आज चित्रकूट में नाना जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे



**सतना :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ आज मध्य प्रदेश के सतना जिले के चित्रकूट प्रवास पर आ रहे हैं। वे यहां दीनदयाल शोध संस्थान के आरोग्य धाम परिसर जाएंगे और पूर्व सांसद स्व. नाना जी देशमुख को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। धनखड़ यहां से उत्तर प्रदेश के हिस्से में आने वाले चित्रकूट पहुंचेंगे। वे रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय जाएंगे और तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी के उद्घाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति के आगमन के मद्देनजर जिला प्रशासन ने तैयारियां की हैं। क्षेत्र में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। कलेक्टर मजिस्ट्रेट अनुराग वर्मा ने उपराष्ट्रपति के चित्रकूट भ्रमण के दृष्टिगत क्षेत्र को नो फ्लाई जोन और रेड जोन घोषित किया है। इस दौरान किसी भी प्रकार के ड्रोन या अन्य किसी फ्लाईंग अबजेक्ट की उडान पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंधित कर दिया गया है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने जिले में दूर संचार सेवा, इंटरनेट सेवा, वाईफाई सेवा सुचारू रूप से संचालित रखने के लिए आगमन प्रस्थान स्थल, कार्यक्रम स्थल एवं उससे संबंधित क्षेत्र पर सभी प्रकार के शासकीय, अर्द्धशासकीय, प्राईवेट भूमि में उत्खनन कार्य को प्रतिबंधित कर दिया है।

## हिमाचल में धीमा पड़ा मानसून

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में अगले पांच दिन मानसून के मंद रहने से मुसलाधार वर्षा से लोगों को राहत मिलेगी। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार आगामी 13 सितंबर तक राज्य में छिटपुट वर्षा तो होगी, मगर किसी प्रकार का अलर्ट नहीं रहेगा। आगामी दिनों में ज्यादातर इलाकों में हल्की धूप भी खिल सकती है। राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। राज्य में शुक्रवार शाम से शनिवार सुबह तक कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई है और न्यूनतम व अधिकतम तापमान में कोई बदलाव नहीं हुआ है। मेलराण में सबसे ज्यादा 64 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई है। पण्डोह में 32, बरठीं में 30, अग्घर में 29, मंडी व भटियात में 28-28 और जुब्बड़हट्टी में 26 मिमी वर्षा हुई। राज्य में इस बार मानसून की सामान्य से 24 फीसदी कम बरसात रही। मानसून ने 27 जून को सूबे में दस्तक दी थी। अक्टूबर के पहले हफ्ते तक मानसून यहां से रुखसत होता है।

## न्यूज ब्रीफ

### शक्तिनाथ हत्याकांड में कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष समेत पांच धराए



**जमशेदपुर :** मानगो के भाई शक्तिनाथ सिंह हत्याकांड का शुक्रवार को जिला पुलिस ने खुलासा किया। इस मामले में पुलिस ने मानगो प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष ईश्वर सिंह समेत पांच आरोपियों की गिरफ्तारी की। इनके पास से एक देशी कट्टा, एक गोली व चार मोबाइल बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में मानगो पोस्ट ऑफिस रोड का मंटू सिंह सरदार उर्फ भूमिज, मानगो के कृष्णानगर रोड नंबर-3 का चिरंजीत कुमार मोदक उर्फ काली, गौड़ बस्ती की चटाई कॉलोनी का किशन नामता, पोस्ट ऑफिस रोड का मंहती सिंह सरदार उर्फ छोटू और मानगो कृष्णानगर रोड नंबर-4 का ईश्वर सिंह (प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष) शामिल है।

एसएसपी ने बताया कि जमीन विवाद को लेकर आपसी रंजिश में शक्तिनाथ सिंह की हत्या की गयी थी। अपराधकर्मी अमरनाथ सिंह की कई जमीन पर अपराधियों का कब्जा था। अमरनाथ सिंह के मरने के बाद जमीन की खरीद बिक्री में अपराधी शक्तिनाथ सिंह से पैसे की मांग करते थे जिसका उसने विरोध किया। इसको लेकर इन लोगों ने शक्तिनाथ सिंह को रास्ते से हटाने के लिए उसकी रेकी की और मौका देखकर उसकी हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि इस घटना में अन्य अपराधकर्मी भी शामिल हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस प्रयासरत है। ज्ञात हो कि 2 अगस्त को शक्तिनाथ सिंह उर्फ डब्लू सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

### जिंदगी से हार गई आरती केरकेट्टा, शोकाकुल परिजनों से मिले डॉ. परमेश्वर



**चान्हो।** प्रखंड के ग्राम टांगर की निवासी आरती केरकेट्टा, जिनकी मौत आज अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई, ने परिवार और समुदाय को गहरे शोक में डाल दिया है। आरती, टांगर पंचायत के पूर्व मुखिया श्री मोहन उरांव के भाई अनिल उरांव की धर्मपत्नी थीं, और वह उत्पाद सिपाही की भर्ती दौड़ में हिस्सा लेने गई थीं। दौड़ के दौरान उनकी तबीयत बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन जीवन की इस दौड़ में आरती मौत से हार गईं। आरती की मौत की खबर सुनकर पूर्व डीडीसी सह समाजसेवी डॉ. परमेश्वर भगत देर रात उनके गांव टांगर पहुंचे। शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर डॉ. भगत ने उन्हें ढांढस बंधाया और इस कठिन समय में हर संभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस दुखद घटना के बाद वह संबंधित विभाग के वरीय अधिकारियों से संपर्क कर परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने की पूरी कोशिश करेंगे।

आरती की इस आकस्मिक मृत्यु ने पूरे गांव को गहरे शोक में डाल दिया है, और उनके परिवार के लिए यह एक असहनीय क्षति है। डॉ. भगत ने परिवार को भरोसा दिलाया कि वे इस कठिन समय में उनके साथ खड़े रहेंगे और हर संभव सहायता प्रदान करेंगे।

### मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष पदमा का निधन

**धनबाद :** मारवाड़ी महिला सम्मेलन की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष व गोविंदपुर शाखा की पूर्व अध्यक्ष पदमा बुबना का शुक्रवार को निधन हो गया। उन्होंने गोविंदपुर बाजार स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह 72 वर्ष की थीं। वह पेट्रोलियम व्यवसायी आनंद कुमार बुबना की पत्नी थीं। वह दो पुत्रों नीरज बुबना व नितेश बुबना समेत भरपूरा परिवार छोड़ गई हैं। उनके निधन की खबर सुनकर मारवाड़ी महिला सम्मेलन, मारवाड़ी सम्मेलन, मारवाड़ी युवा मंच व पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के सदस्य उनके आवास पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को खुदिया घाट पर किया जाएगा।

### राजा कोलियरी के पास 500 बोरी अवैध कोयला जब्त

**निरसा :** निरसा की राजा कोलियरी के समीप पुलिस व सीआईएसएफ ने गुरुवार की रात छापेमारी कर भारी मात्रा में अवैध कोयला जब्त किया। इस दौरान टीम ने 500 बोरी कोयला जब्त किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बड़े पैमाने पर अवैध कोयला ट्रैक्टर, पिकअप वैन, बाइक व स्कूटर पर लोड कर भट्ठों में खपाया जाता है। इसके बाद रात में छापेमारी अभियान चलाया गया। पुलिस के पहुंचने की भनक कोयला तस्करों को पहले ही लग गई और सभी कोयला चोर भाग निकले। पुलिस ने जब्त कोयले को ईसीएल की रेलवे साइडिंग में जमा करवा दिया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व निरसा थानेदार मंजीत कुमार व सीआईएफ बैजना कैंप के इंचार्ज राजेश कर रहे थे।

### एबीवीपी के संघर्ष के बाद कतरास कॉलेज में इंटर में नामांकन शुरू

**धनबाद :** बीबीएमकेयू के कतरास कॉलेज में शुक्रवार को इंटर में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी गयी। कॉलेज में दो वर्ष पहले इंटर की पढाई बंद कर दी गयी थी। यह निर्णय तत्कालीन कुलपति डॉ सुखदेव भोई के कार्यकाल में लिया गया था। जिस वजह से कतरास कॉलेज सहित धनबाद व बोकारो के सभी कॉलेजों में इंटर की पढाई बंद कर दी गई थी। एबीवीपी ने कुलपति के इस निर्णय का कॉलेज से लेकर राजभवन तक विरोध किया था। परिषद ने इसके विरोध में कतरास कॉलेज में धरना प्रदर्शन व तालाबंदी भी की थी। जिसकी गूंज पूरे कोयलांचल में हुई थी। परिषद अध्यक्ष स्वयं स्वर्ण ने बताया कि उन्होंने कुलपति के निर्णय के विरोध में अनेकों बार कॉलेज व विश्वविद्यालय प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन उस समय कुलपति डॉ सुखदेव भोई को भ्रष्टाचार के आरोप में निलंबित कर दिया गया था। बीबीएमकेयू में कुछ दिनों पहले नये कुलपति के रूप में डॉ राम कुमार सिंह की नियुक्ति हुई। एबीवीपी के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति से मिलकर इंटर की पढाई शुरू कराने का आग्रह किया। जिसपर त्वरित कार्यवाई करते हुए वीसी ने सिंडिकेट की अगले ही बैठक में सभी कॉलेजों में इंटर की पढाई शुरू करवाने की अनुमति दे दी। कतरास कॉलेज के प्राचार्य डॉ वीरेन्द्र कुमार ने बताया कि 9 सितंबर से इंटर में नामांकन शुरू होगा, जिसकी पूरी तैयारी कर ली गयी है। नामांकन के लिए कला, वाणिज्य व विज्ञान सभी संकायों में पृथक-पृथक 384 सीटों पर नामांकन लिया जाएगा।

# मुनी बाबा धर्मशाला में गणेश पूजा आज से हुआ प्रारंभ

### ग्यारह दिनों तक होगी पूजा और उसके बाद होगा विसर्जन

**ज्योति पाठक**







चक्रधरपुर स्थित बहुप्रसिद्ध स्थल स्थानीय मुनी बाबा धर्मशाला में 1946 से आयोजित श्री श्री किशोर गणेश संघ चक्रधरपुर में आज से गणेश पूजा का आयोजन प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर भगवान गणेश की बनायी गयी आकर्षक और भव्य प्रतिमा लोगों के मुख्य आकर्षण का केन्द्र है।

1946 से स्थापित भगवान गणेश पूजा चक्रधरपुर का सबसे अति प्राचीन के रूप में स्थापित है। आजादी के पूर्व से इस पूजा के प्रति प्रारंभ से ही लोगों की भक्ति भावना और श्रद्धा, निष्ठा देखते ही बनती है। आज भी इस गणेश पूजा के प्रति लोगों की जो जुड़ाव व लगाव है वह अपने आप में अलौकिक है। श्री श्री किशोर गणेश संघ से जुड़े पदाधिकारी एवं सदस्यों की उत्साह और उमंग देखते ही बनती है। आज गणेश पूजा के प्रारंभ होने के साथ ही बनारस से आचार्य की शिक्षा ग्रहण करने वाले आचार्य अनन्त पाठक के द्वारा भगवान श्री गणेश की विधिवत पूजा अर्चना कराया गया। इस अवसर पर काफी संख्या में भक्तजन और श्रद्धालुगण भी उपस्थित थें। दोपहर को भोग वितरण के पश्चात शाम को गणेश वंदना, आरती काफी हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा जो निरंतर ग्यारह दिन तक चलेंगे। आरती के अवसर पर उपस्थित भक्तजनों और श्रद्धालुओं की उपस्थिति देखते ही बनती है। तत्पश्चात पुनः व्यापक रूप से प्रसाद वितरण भी किये जाते हैं और यह कार्यक्रम निरंतर ग्यारह दिनों तक चलता है।

### अवैध बालू के भंडारण के खिलाफ छापामारी में 20 हजार सीएफटी बालू जब्त

**जमशेदपुर :** श्याम सुंदरपुर थाना क्षेत्र के गड़गड़िया गांव में एसडीओ सच्चिदानंद महतो एवं एजीपीओ अजीत कुमार कुजूर के नेतृत्व में शुक्रवार को गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी किया गया। सूचना के आधार पर श्याम सुंदरपुर थाना पुलिस के सहयोग से पुलिस ने एक हाइवा तथा एक जेसीबी जप्त किया है। अधिकारियों को सूचना मिली थी कि गड़गड़िया गांव में बालू का अवैध भंडारण किया गया है। एसडीओ के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंचकर 20 हजार सीएफटी बालू जप्त किया है। मामले की जांच की जा रही है। खनन विभाग द्वारा श्याम सुंदरपुर थाने में दोनों वाहनों के चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। एसडीओ सच्चिदानंद महतो ने बताया कि खनन विभाग द्वारा जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गाजे-बाजे के साथ भगवान की प्रतिमा लेने पहुंचे भक्त







**मेट्रो रेज संवाददाता**

भगवान गणेश के आगमन को लेकर भक्तजनों में जो उमंग उत्साह है वह निश्चित तौर पर हमारी भक्ति, श्रद्धा और निष्ठा को भी प्रदर्शित करता है। मुर्तिकार के पास से जब गंतव्य की ओर भक्तजनों के द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा ले जाया जा रहा था तब भक्तों ने भगवान श्री गणेश को स्थापित स्थल पर ले जाने के क्रम में जमकर हर्षित और प्रसन्नचित थें। बाजा और नृत्य करते हुए भक्तजन भगवान गणेश को ले गयें। कहा जाता है कि विसर्जन के समय ही ढोल नगाड़े और बाजे बजते हैं और भक्तजनों में यह स्वरूप दिखाई पड़ता है। किन्तु भगवान गणेश को स्थापित करते हुए ले जाने के क्रम में ही जो दृश्य दिखाई पड़ा वह काफी अलौकिक है और भक्तजनों में यह गीत भी उनका जमकर उत्साह बढ़ा रहा था। ह्यह्यदेवा ही देवा गणपति देवा, तुमसे बढ़कर कौन, हाँ तुमसे बढ़कर कौन।

### अवैध स्टोन चिप्स लदे 2 हाइवा जब्त

**धनबाद :** धनबाद की डीसी माधवी मिश्रा के निर्देश पर जिला खनन टास्क फोर्स ने खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण व परिवहन के खिलाफ शुक्रवार को अभियान चलाया। खान निरीक्षक बिनोद बिहारी प्रमाणिक के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में गोविन्दपुर में एनएच पर अवैध स्टोन चिप्स लदे दो हाइवा जब्त किए गए। जांच में हाइवा संख्या जेएच 10 सी।एच। 0115 के चालान में अंकित मात्रा से अधिक स्टोन चिप्स मिले। टीम ने हाइवा को जब्त कर गोविन्दपुर थाना को सुपुर्द कर दिया। वहीं, सोनारडीह ओपी क्षेत्र में स्टोन चिप्स लदे हाइवा संख्या जेएच 10 सीएच 2921 को पकड़ा गया। वाहन चालक के पास कोई चालान नहीं था। उक्त हाइवा के मालिक, चालक व अवैध धंधे में लिप्त अन्य लोगों के विरुद्ध सोनारडीह ओपी में प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### चिरकुंडा के चार वार्डों में तीज के दिन भी नहीं मिला पानी

**चिरकुंडा :** चिरकुंडा नगर परिषद के चार वार्डों में शुक्रवार को तीज के दिन भी जलापूर्ति ठप रही। इससे महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। नगर परिषद के कार्यालय परिसर स्थित शहरी जलापूर्ति योजना की पानी टंकी का वाल्व लगातार दूसरी बार स्लिप कर जाने से जलापूर्ति बंद है। इससे वार्ड संख्या 18, 19, 20 व 21 की करीब 10 हजार की आबादी प्रभावित है। लोगों ने बताया कि इसके पहले भी वाल्व स्लिप कर जाने से चार दिन जलापूर्ति ठप थी। शुक्रवार की सुबह अचानक फिर वाल्व स्लिप कर गया, जिससे पर्व के दिन भी लोगों को पानी नहीं मिला।

# घाटशिला कॉलेज का होगा सर्वांगीण विकास : मंत्री



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** घाटशिला कॉलेज के प्राचार्य डॉ आरके चौधरी ने झारखंड सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से उनके आवास पर मुलाकात की। प्राचार्य ने मंत्री को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर उनका सम्मान किया। मंत्री रामदास सोरेन से मिलकर प्राचार्य डॉ चौधरी ने बताया कि घाटशिला कॉलेज कोल्हान विश्वविद्यालय का बड़ा महाविद्यालय है। छात्रों की संख्या भी काफी अधिक है। वर्तमान में यह कॉलेज पांच एकड़ भूमि पर है। कॉलेज के विस्तार के लिए अतिरिक्त 5 एकड़ भूमि की आवश्यकता है। इसका प्रस्ताव कोल्हान विश्वविद्यालय के माध्यम से जनवरी में ही उच्च शिक्षा मंत्रालय में जमा करवा दिया गया है। सरकार के स्तर पर घाटशिला कॉलेज के लिए भूमि उपलब्ध कराने के लिए पूर्वी सिंहभूम के डीसी को पत्र भेजा जाता है तो जमीन मिलना आसान हो जाएगा।

प्राचार्य डॉ चौधरी ने उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से यह भी मांग की कि इस महाविद्यालय में पढ़ने वाले छात्र-छात्राएं बहुत दूर ग्रामीण क्षेत्र से आते हैं। लड़कियों की सुविधा के लिए कॉलेज में छात्रावास नहीं है। यदि 300 बेड का गर्ल्स हॉस्टल बन जाता है तो लड़कियों को पढ़ने में काफी सुविधा होगी। प्राचार्य की दोनों मांगों को उच्च शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने इस दिशा में सहयोग करने का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि घाटशिला कॉलेज के सर्वांगीण विकास को लेकर जो भी 173 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया था, उसे विभागीय स्तर पर स्वीकृति मिल गई है। शीघ्र इस कालेज का सर्वांगीण विकास होगा।

# महिलाओं ने हरतालिका तीज पर उपवास रख कर की पूजा अर्चना







**मेट्रो रेज संवाददाता**

प्रत्येक वर्ष भाद्र पद मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को हरतालिका तीज महिलाओं के द्वारा किया जाता है। हरतालिका तीज के दिन सुहागन महिलाऐं निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लम्बी उम्र की कामना करती है। यह महापर्व दाम्पत्ये प्रेम का प्रतिक है। यह त्योहार हमें याद दिलाता है कि अर्धांगनी अर्थात जीवन संगीनी का त्याग और समर्पण एक सुखी परिवार की निंव है। महिलाऐं त्याग की प्रतिमुर्ति है और वह अपने पति परमेश्वर के लिए हर कष्ट सह लेती है जिसका यह साक्षात प्रमाण निर्जला उपवास है। दिन भर उपवास रहने के पश्चात देर शाम को पूजा अर्चना कर अपने पति परमेश्वर के लिए ईश्वर से वंदना और कामना करती है। तीज महापर्व के अवसर पर महिलाओं ने आज पूजा अर्चना करने के पश्चात पति के लिए मंगल कामना भी की।

### भाजपा टांगरबसली मंडल में आयोजित हुई कार्यकारिणी की बैठक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**मांडरः** मांडर विधानसभा के अंतर्गत टांगरबसली मंडल में भाजपा की कार्यकारिणी बैठक का आयोजन मंडल अध्यक्ष श्री पूरेनजय महतो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में पार्टी को और सशक्त बनाने के लिए महत्वपूर्ण विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान आगामी 8-9 सितंबर 2024 को मतदाता सूची में नामों की छानबीन और सुधार करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही 18 वर्ष से ऊपर के युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए विशेष प्रयास करने पर बल दिया गया।

इस अवसर पर मांडर विधानसभा के भाजपा चुनाव प्रभारी श्री रिपुसूदन साहू, पूर्व विधायक श्रीमती गंगोत्री कुजूर, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह संगठन प्रभारी प्रदीप महली, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष अशोक साहू, महामंत्री हरीष गोप, मंडल उपाध्यक्ष उपेंद्र महली सहित कई प्रमुख नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी नेताओं ने पार्टी संगठन को और मजबूत करने के लिए अपने विचार व्यक्त किए और आगामी चुनाव की तैयारियों को लेकर रणनीति पर चर्चा की। बैठक में पार्टी कार्यकताओं ने एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया।

### ग्रामीणों ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप किया

**धनबाद :** विस्थापित ग्रामीण मोर्चा व असंगठित मजदूर यूनियन के बैनर तले ग्रामीणों ने पांच सूत्री मांगों को लेकर शुक्रवार को बीसीसीएल एरिया-12 की दहीबाड़ी परियोजना में ट्रांसपोटिंग ठप कर दी। यूनियन ने चेतावनी दी है कि जब तक मांगों की पूर्ति नहीं हो जाती, ट्रांसपर्टिंग नहीं होने देंगे। विस्थापित नेताओं ने बताया कि ग्रामीणों की समस्या को लेकर प्रबंधन को 20 अगस्त को पत्र लिखा गया था।

# हुडंगदा में आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित,13 सौ आवेदन हुए जमा

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**बंदगांव :** प्रखंड क्षेत्र के हुडंगदा पंचायत में 'आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया गया.जिसका उद्घाटन जीप सदस्य बसंती पूर्ति,बीडीओ नम्रता जोशी,सीओ भीकम कुमार, मुखिया लक्ष्मी गागराई,कृषि पदाधिकारी वीर सिंह जोंकों, महेश साहू ,बीपीओ कालीप्रसाद गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया.शिविर में प्रखंड प्रशासन द्वारा सभी विभागों के स्टॉल लगाए गए. जहां लोगों ने सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के लिए अपना आवेदन जमा किए.शिविर में स्वास्थ्य विभाग, मनरेगा, बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, अबुआ आवास, बाल विकास, आपूर्ति विभाग, कृषि विभाग, सावित्रीबाई फुले योजना, किशोरी समृद्धि योजना के स्टॉल लगाकर सभी ग्रामीणों की समस्या को सुनते हुए उनका आवेदन लिया गया.मौके पर बीडीओ नम्रता जोशी ने उपस्थित ग्रामीणों को अपने संबोधन में कहा कि आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है.

जिसमें आप अपने ही गांव घर में लगे शिविर में आकर सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं.उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी लोग अपने अपने पंचायत में लगने वाले शिविर में जाकर सरकार द्वारा चलाए जा रहे लाभकारी योजना से संबंधित दस्तावेज के साथ अपना आवेदन दें.वहीं जिप सदस्य बसंती पूर्ति ने कहा कि हमारे राज्य के



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच है कि अंतिम पंक्त में खड़े व्यक्ति भी विकास योजना से नहीं छुटे. जिसके लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का पंचायत स्तर पर आयोजन किया जा रहा है. आप यहां पर आकर स्वास्थ्य जांच से लेकर जाति, आय, आवासीय सहित अबुआ आवास, पेंशन सहित अन्य प्रकार की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं.बैंक ऑफ इंडिया के द्वारा बैंक मित्र परमेश्वर कुमार महतो ने अटल पेंशन योजना का 5 फार्म,बैंक का खाता 15 व्यक्ति का खोला गया,प्रधानमंत्री ज्योति जीवन बीमा योजना का 35 व्यक्ति को लाभ,प्रधानमंत्री सुकन्या योजना का लाभ 20 को दिया गया.वहीं 87 लोगों को स्वास्थ्य जांच की गई. 883 मुख्यमंत्री आवास योजना का फार्म जमा लिया गया.145 महिलाओं का मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना का फार्म जमा लिया गया.इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि राजेश गागराई,वीर भगत हासदा,राकेश महतो, सीआरपी लोकनाथ सारंगी, सुखलाल महतो,राजू कुमार,जगरनाथ मुंडा,गुरुवा सोरेन सहित काफी संख्या में प्रखंड कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित थे.